वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 96, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 30 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पंजाब: खालिस्तान पर दो गुटों में टकराव

## सिख और हिंदू संगठन भिड़े; फायरिंग, पत्थर और तलवारें चलीं; रात का कर्फ्यू लगा, धारा 144 लागू







**चंडीगढ़/पटियाला:** पटियाला में शुक्रवार को खालिस्तान विरोधी मार्च पर सिख और हिंदू संगठन आमने-सामने आ गए। हिंदू संगठन मार्च निकालने की तैयारी में थे। इसी दौरान कुछ सिख संगठन इनका विरोध करने लगे। इस वजह से माहौल इतना बिगड़ गया कि दोनों पक्षों के बीच पथराव हो गया। इस बीच रलड को हाथ में चोट लग गई। इसके बाद हालात संभालने के लिए रढ ने हवाई फायरिंग की। इस घटना के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने पटियाला में कर्फ्यू लगा दिया है। यह शुक्रवार रात 7 बजे से आज सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा। पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। वहीं सीएम भगवंत मान ने भी चंडीगढ़ में पुलिस अफसरों से मीटिंग की। जिसमें इस घटना को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई।

**खालिस्तान का पुतला जलाने पर हुआ विवाद:** यहां शिवसेना ने खालिस्तान के खिलाफ पुतला फूंक प्रदर्शन की तैयारी की थी। इसका पता चलते ही खालिस्तान समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया। वहां पर पुलिस ने उन्हें रोक लिया और वापस भेज दिया। हालांकि सिख संगठनों के सदस्य काली माता मंदिर में तलवारें लेकर पहुंच गए। यहां दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले।

**भीड़ के हमले में जख्मी हुए एसएचओ:** इस दौरान एसएचओ करनवीर ने सिख प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो उनका हाथ जख्मी हो गया, जिसके बाद एसएसपी नानक सिंह मौके पर पहुंचे। हालात संभालने के लिए उन्होंने हवाई फायरिंग की।

**बवाल के बाद आरोप-प्रत्यारोप जारी:** हिंदू संगठन के नेता हरीश सिंगला ने कहा कि पंजाब पुलिस और आम आदमी पार्टी की सरकार को इन लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, जसविंदर सिंह राजपुरा ने कहा कि सिख संगठनों ने कई दिन से अपील की थी कि कुछ संगठन सिख राज के खिलाफ माहौल खराब कर रहे हैं। प्रशासन को चाहिए था कि इन लोगों को गिरफ्तार करते, ताकि माहौल खराब न हो। फिलहाल यहां माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस ने सिख संगठनों को प्रदर्शन करने और हिंदू संगठनों को मार्च निकालने से रोक दिया है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। वहीं सिख संगठनों ने पटियाला के फव्वारा चौक पर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वे कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**सीएम भगवंत मान ने डीजीपी से बात की:** पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि पटियाला की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने इस संबंध में डीजीपी से बात की है। इलाके में शांति की स्थिति बहाल हो गई है। सरकार पूरे मामले को गंभीरता से मॉनिटर कर रही है। किसी को भी शांति भंग नहीं करने दिया जाएगा। पंजाब में शांति और भाईचारा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

**मान सरकार पर हमलावर हुए विरोधी**

**पंजाब** विधानसभा में विपक्षी दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि राज्य में पूरी तरह आराजकता का माहौल है। पटियाला में स्थिति डिस्टर्ब करने वाली है। पंजाब में पिछले एक महीने से लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बदतर हो चुकी है। सीएम को तुरंत डीजीपी को साथ लेकर पटियाला जाना चाहिए। वहीं कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा कि पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पूरी तरह धाराशाही हो चुकी है। पटियाला में हुई घटना पूरी तरह से इंटेलिजेंस फेल्योर है। यह सही समय है कि भगवंत मान को फैसला लेने के लिए फ्री हैंड देना चाहिए। पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि पटियाला में 2 ग्रुपों के बीच झड़प के बाद तनाव की स्थिति चिंताजनक है। पटियाला के लोग शांतिप्रिय हैं। कैप्टन ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि लॉ एंड ऑर्डर को ठीक रखने के लिए पंजाब पुलिस उचित एक्शन लेगी।

### स्थिति कंट्रोल में, अफवाहों पर ध्यान न दें : आईजी राकेश अग्रवाल

**पटियाला** रेंज के आईजी राकेश अग्रवाल ने कहा कि हालात अब कंट्रोल में हैं। किसी ने अफवाह फैला दी थी, जिसकी वजह से दोनों पक्षों में मनमुटाव हो गया था। एसएचओ का हाथ काटने की बात भी अफवाह है। स्थिति को पूरी तरह शांत करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौके पर स्थिति संभालने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

**हाथ कटने की खबरों को डीसी ने नकारा:** इस दौरान कुछ खबरें चलने लगी कि सिख प्रदर्शनकारियों ने एसएचओ का हाथ काट दिया। हालांकि पटियाला के डीसी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि यह निराधार है। उन्होंने ऐसी अफवाहें न फैलाने को कहा।

## आगरा एक्सप्रेस वे पर कार ने बदली लेन तीन की मौत को 6 घायल

# लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण मार्ग दुर्घटना में तीन की मौत छह लोग गम्भीर घायल

**उन्नाव। बांगरमऊ** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर देर रात पाली राजस्थान से गोंडा जा रही कार चालक को 239 किलोमीटर ग्राम नसिरापुर हवाई पट्टी के निकट कार चालक को झपकी आ जाने से कार दूसरी लेन में जाकर पलट गई। जिसमें विपरीत दिशा से आ रही कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। कार सवार नौ लोगो को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया जहां पर जहां तीन लोगों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर तथा छह लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। राजस्थान के जनपद पाली के थाना व कस्बा सुमेरपुर के जालौर चौराहा निवासी राममिलन उम्र 70 वर्ष पुत्र भगवती प्रसाद अपने परिवार के साथ कार से अपने पैतृक जनपद गोंडा जा रहे थे जैसे ही इनकी कार बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे 239 किलोमीटर ग्राम नसीरापुर के निकट पहुंची तभी चालक को अचानक झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में जाकर पलट गई। तभी लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार इसकी कार में भीड़ गई। घटना में राममिलन उम्र 70 वर्ष पुत्र भगवती प्रसाद राममिलन की 60 वर्षीय पत्नी शांती देवी व पुत्र मुकेश उम्र 38 वर्ष, कुसुम उम्र 34 वर्ष पत्नी मुकेश, लक्ष्मी उम्र 4 वर्ष पुत्री मुकेश , गीता उम्र 38 वर्ष पत्नी कमलेश, चेतन उम्र 18 वर्ष पुत्र रामकृष्ण, पवनी उम्र 23 वर्ष पुत्री राममिलन, ख्याती उम्र 6 माह पुत्री कमलेश घायल हो गए घायलों को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सक ने चेतन, पवनी, ख्याती को मृत घोषित कर दिया शेष घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल कर दिया। वहीं दूसरी कार चालक हरदीप सिंह पुत्र मलिकेश सिंह निवासी बीपी तोहरा थाना बादशो से पटियाला पंजाब बाल-बाल बच गया। खबर पाकर क्षेत्राधिकारी विक्रमाजीत सिंह कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र नाथ शुक्ला, बेहटा प्रभारी रमेशचंद्र साहनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर उपस्थित रहे।

# उद्यम के क्षेत्र में नया विश्वास जागाने का प्रयास: मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बीते आठ साल में देश में व्यापार, उद्यम और क्रिएटिविटी के क्षेत्र में नया विश्वास जागाने का प्रयास किया गया है। सरकार की नीतियों और एक्शन के माध्यम से निरंतर प्रयास यह है कि देश में ऐसा माहौल बने कि सामान्य परिवार का युवा भी उद्यमी बने और उसके लिए सपने देखे। प्रधानमंत्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सरदारधाम द्वारा आयोजित ग्लोबल पाटीदार बिजनेस समिट (जीपीबीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेहड़ी-पटरी पर छोटा सा व्यापार करने वाला देशवासी आज भारत की ग्रोथ




स्टोरी से अपने आप को जुड़ा महसूस करता है। पहली बार रेहड़ी-पटरी वालों को भी पीएम स्वनिधि योजना से फॉर्मल बैंकिंग सिस्टम में भागीदारी मिली है। उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने इस योजना को दिसंबर 2024 के लिए बढ़ा दिया है। मोदी ने कहा कि छोटे से बड़े हर व्यवसाय, हर कारोबार का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। सबके प्रयास की यही भावना तो अमृतकाल में देश की ताकत बन रही है। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि इस बार के समिट में सभी प्रतिभागी इस विषय पर विस्तार से चर्चा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जब आजादी मिली थी तब सरदार साहब ने जो कहा था कि भारत में संपदा की कोई कमी नहीं है। हमें बस अपने दिमाग और संसाधनों को इनके सदुपयोग के लिए लगाना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल के लिए जब हम एक संकल्प के साथ निकले हैं।

## दंगाइयों को भागवत की चेतावनी

# जिस समाज को हिंसा पसंद है, वो अपने आखिरी दिन गिन रहा है: संघ प्रमुख



**अमरावती:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) प्रमुख मोहन भागवत ने देश भर में हो रहे दंगों को लेकर एक बड़ी टिप्पणी की है। फरर चीफ ने अमरावती के एक कार्यक्रम में कहा कि जिस समाज को हिंसा पसंद है, वो अपने अंतिम दिन गिन रहा है।

भागवत ने ये भी कहा कि हिंसा से किसी को फायदा नहीं होता। सभी समुदायों को एक साथ मानवता की रक्षा करनी चाहिए। भागवत का ये बयान पिछले दिनों रामनवमी और हनुमान जयंती के मौके पर देश के कई हिस्सों में हुई हिंसा के संदर्भ में देखा जा रहा है।

**संत और समाज साथ होगा तो सरकार भी पीछे चलेगी:** भागवत, कंवरराम धाम में संत कंवरराम के प्रपौत्र साईं राजलाल मोर्डिया के गद्दीनशीनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें हिंसा त्यागने और शांति कायम करने वाला होना चाहिए। सभी समुदायों को मानवता की रक्षा का काम प्राथमिकता से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब संत और समाज एक साथ आ जाएगा तो सरकार को उनके पीछे चलना ही होगा।

**सिंधी भाई सब कुछ पाकिस्तान में छोड़कर यहां आए:** संजय शेरपुरिया द्वारा पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओ की पीड़ा पर लिखी गई किताब 'मैं माधोभाई, एक पाकिस्तानी हिंदू' का लोकार्पण करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया।

# 16 राज्यों में 10 घंटे बिजली कटौती

## कोयला सप्लाई बढ़ाने और मालगाड़ी को रास्ता देने 42 ट्रेनें कैंसिल

**नई दिल्ली:** भीषण गर्मी के चलते देशभर में बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में देश के एक चौथाई पावर प्लांट बंद हैं। नतीजा, 16 राज्यों में 10 घंटे तक के बिजली कटौती शुरू हो गई है। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, देशभर में 10 हजार मेगावॉट, यानी 15 करोड़ यूनिट की कटौती हो रही है, लेकिन बिजली की कमी वास्तव में कहीं ज्यादा है। इस बीच रेल मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने पावर प्लांट्स तक कोयले की तेजी से सप्लाई के लिए कुल 42 ट्रेनों को अनिश्चित काल के लिए कैंसिल कर दिया है, ताकि



कोयला ले जा रही मालगाड़ियां समय पर निर्धारित स्टेशनों पर पहुंच सकें।

**डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स भी बना रहा रेलवे:** भारतीय रेलवे के कार्यकारी निदेशक गौरव कृष्ण बंसल के मुताबिक पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का फैसला अस्थायी है। स्थिति सामान्य होते ही सेवाएं वापस शुरू कर दी जाएंगी। इस फैसले के बाद रेलवे अपने बेड़े में एक लाख और वैगन जोड़ने जा रहा है। इसके अलावा रेलवे माल को तेजी से पहुंचाने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर्स भी बना रहा है।

**5 साल में पहली बार बढ़ाई एवरेज डेली लोडिंग:** अस्थायी रूप से रद्द की गई 42 ट्रेनों में लंबी दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के 670 फेरे शामिल हैं। इसके साथ ही रेलवे ने कोल रैक्स की एवरेज डेली लोडिंग भी 400 से ज्यादा कर दी है।

# गर्मी का सितम और बढ़ा

**नई दिल्ली:** गर्मी ने लोगों की अग्निपरीक्षा लेनी शुरू कर दी है और आने वाले दिनों में भी इससे राहत नहीं मिलने वाली है। पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 18 राज्यों के 20 से ज्यादा शहरों में पारा 45 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है। इसमें 46 डिग्री के साथ वढ का प्रयागराज टॉप पर है।

**दिल्ली में गर्मी ने 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ा:** दिल्ली में गर्मी ने शुक्रवार को 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले अप्रैल में 43.5 डिग्री से ज्यादा तापमान 2010 में



रिकॉर्ड हुआ था। तब अप्रैल की 18 तारीख को पारा 43.7 तक पहुंचा था।

अभी पारा नीचे आने के कोई आसार नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अगले 5 दिनों तक लू चलती रहेगी। पूर्वी भारत में 3 दिन बाद गर्म हवा के थपेड़ों में थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं।

# '2019 के बाद से 14 हजार से ज्यादा बांग्लादेशियों को वापस भेजा'

**नई दिल्ली:** बीएसएफ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 के बाद से भारत-बांग्लादेश सीमा से करीब 14 हजार बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा गया है और उन्हें भारत में घुसने से रोका गया। एक जनवरी 2019 से 28 अप्रैल 2022 तक अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर 9233 ऐसे बांग्लादेशियों को पकड़ा गया था, जो भारत में अवैध तरह से रहने के बाद लौट रहे थे, जबकि इसी दौरान 4896 ऐसे बांग्लादेशी पकड़े गए, जो अवैध तरीके से पड़ोसी देश से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इस तरह कुल 14,361 बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा पर पकड़ा गया है। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने वाले या यहां से भागने




वाले लगभग 80 फीसदी अवैध अप्रवासी बंगाल के दक्षिणी हिस्सों में बिना बाड़ और नदी की सीमाओं के कारण घुसते हैं। दक्षिण बंगाल की सीमा सुंदरबन से मालदा तक जाती है।

**4096 किलोमीटर लंबी है भारत बांग्लादेश सीमा:** भारत बांग्लादेश के साथ 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। इसमें से दक्षिण बंगाल का सीमा क्षेत्र 913.32 किलोमीटर साझा करता है, जिसमें से 50 फीसदी से अधिक या तो बिना बाड़ का है या नदी से सटा है। कुछ स्थानों पर गांव सीमा पर स्थित हैं, जिससे सुरक्षा बलों को घुसपैठ का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। गृह मंत्रालय (एमएचए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस अवधि के दौरान उन्होंने समस्या से निपटने के लिए अपना दृष्टिकोण बदल दिया है। बांग्लादेश सीमाओं पर अवैध आव्रजन समस्या से निपटने के लिए, हमने सुरक्षा बलों से कहा है कि वे भारत में किसी भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं थे, यह सत्यापित करने के बाद अवैध घुसपैठियों को सद्भावना पूर्ण व्यवहार के रूप में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) को सौंप दें, क्योंकि उन्हें जेल में डालने का कोई मतलब नहीं है।

### पंजाब में पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराया

**चंडीगढ़:** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया है। बीएसएफ जवानों ने गुरुवार-शुक्रवार की रात भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित गांव धनोए के पास ड्रोन आते देखा। मुस्तैद जवानों ने फायरिंग कर उसे मार गिराया। ड्रोन चीन निर्मित है। इसके तुरंत बाद पूरे इलाके को घेर लिया गया। बीएसएफ, पुलिस व अन्य खुफिया एजेंसियां ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया और सुबह करीब 6:15 बजे जवानों ने चीन निर्मित एक ड्रोन बरामद किया।

## खबर संक्षेप

### दबंगों ने दलित को दौडा दौडा कर पीटा एससी एसटी का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** गांव के दबंगों ने एक दलित को मामूली बात को ले कर दौडा दौडा कर मारे पीटे और जाति सूचक गालियां भी दी। पुलिस ने दबंगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरखपुर निवासी राजकुमार दलित पुत्र इन्द्रजीत का आरोप है कि मामूली बात को लेकर गांव के कतिपय दबंगों ने उसे दौडा दौडा कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां दी । मऊआइमा पुलिस ने दलित राज कुमार की तहरीर पर गब्बर यादव ,बबलू यादव एंव पांच अज्ञातों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पति-पत्नी के विवाद में पति ने लगाई फांसी, मौत

**नाराज पत्नी अपनी 4 साल की बेटी को लेकर चली गई थी मायके**



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पति-पत्नी का संबंध सात जन्मों का कहा जाता है। इस संबंध को अटूट माना जाता है। पर कुछ गलत-फहमी या आपसी सूझबूझ या और कुछ की वजह से पति-पत्नी का इस अटूट रिश्ते में खटास आने के बाद लगातार आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमे मीरापुर में एक युवक ने पत्नी के मायके चले जाने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

### 4 साल की बच्ची के साथ पत्नी गई थी मायके

**प्रयागराज।** घटना के सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय देवेंद्र गुप्ता एक डॉक्टर की क्लीनिक में काम करता था। दो दिन पहले उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, पत्नी गुस्से में अपना ससुराल छोड़कर अपनी 4 साल की बच्ची को लेकर मायके चली गई। इधर पत्नी के जाने के बाद देवेंद्र कुछ खोया-खोया नजर आ रहा था।गुरुवार रात देवेंद्र खाना खाने के बाद सोने चला गया। शुक्रवार सुबह काफी देर तक वह कमरे से नहीं निकला तो उसकी बहन आशा देवी उसे जगाने पहुंची तो दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा नहीं खुलने पर परिवार के लोगों ने ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे के अंदर देवेंद्र फांसी पर लटका मिला। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने कमरे में आसपास पड़ताल की पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बिजली की खराब आपूर्ति से कामकाज ठप, जनता में आक्रोश

**सहसों।** बिजली की खराब आपूर्ति से रोस्टर प्लान के हिसाब से ना आने के कारण कामकाज ठप पड़े हैं। सहसों डाकघर व पंचायत सचिवालय में जनहित के कामकाज बाधित हो रहा है जिससे जनता बेहद आक्रोशित है। सहसों सहित क्षेत्र में एक सप्ताह से 24 घंटे में मात्र 1 या 2 घंटे ही बिजली मिल रही है जिस कारण 2 दिनों से सहसों डाकघर में बिजली ना होने के कारण कामकाज ठप हो गया है। जिससे आए हुए ग्राहकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है वहीं भीषण गर्मी में काम ना होने पर निराश होकर अपने घरों को लौट रहे हैं। ज्ञात हो कि सहसों डाकघर में आधार कार्ड भी बनाया जाता है जिस कारण यहां और अधिक भीड़ रहती है। सहसों डाकघर में विद्युत व्यवस्था के अलावा कोई अन्यत्र व्यवस्था नहीं है। इसी तरह सहसों पंचायत सचिवालय भवन में भी ग्राम वासियों को ऑनलाइन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है इस खराब आपूर्ति से जहां एक और व्यापारी, किसान, आम दुकानदार बेहतर परेशान है, वहीं दूसरी तरफ छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में भी ब्यवधान उत्पन्न रहा है। क्षेत्र के समाजसेवी चंद्रप्रकाश केसरवानी ने कहा कि विद्युत विभाग को सचेत हो जाना चाहिए क्योंकि नियमित विद्युत बिल चुकता करने वाले उपभोक्ता बेहद आक्रोशित हैं कभी भी उनका आक्रोश फूट सकता है।

### रात्रिकालीन बिजली कटौती से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

**पसना।** सरकार के तमाम दावों के विपरीत गांवो में 18 घण्टे बिजली आपूर्ति के बजाय महज कुछ घण्टे ही बिजली मिल पा रही है। सौर ऊर्जा के सहारे दिन में तो किसी तरह दो-चार घण्टे बिजली आपूर्ति मिल भी जाती है,लेकिन रात में 8 बजे से सुबह 5 बजे तक बिजली एकमुश्त गायब रहती है। सम्पूर्ण कोरांव तहसील क्षेत्र खासकर पसना फीडर की बिजली व्यवस्था सरकारी दावों को पलीता लगा रहे हैं। दिन में लोकल फाल्ट के नाम पर बिजलीकर्मी कई-कई घण्टे शटडाउन लेकर आपूर्ति बाधित किये रहते हैं। शादियों के मौसम में हर घर मे मेहमानों की आमद है,रात में जब बिजली नहीं रहती तो इस भीषण गर्मी में मेहमानों खासकर महिलाओं को बाहर सोने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।शादी वाले घरों में फ्रिज आदि न चल पाने से ठंडे पानी के अलावा अन्य खाद्य पदार्थ भी बेकार साबित हो रहे हैं ।विभागीय अधिकारियों के अनुसार सरकार के निदेशों के बावजूद कोयले की कमी के कारण विद्युत आपूर्ति में समस्या आ रही है।

## न्यूज झरोखा

### दशाश्वमेध घाट से श्मशान घाट तक चला विशेष सफाई अभियान, लोगों को जागरूक करते रहे दुकान जी



**प्रयागराज।** स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर निगम के सफाई कर्मचारी द्वारा दारागंज दशाश्वमेध घाट से शमशान घाट तक विशेष सफाई अभियान करे लोगों को जागरूक करते हुये कहा गया गंगा के आसपास साफ स्वच्छ बनायें रखे गंगा मे माला फूल हवन सामग्रि या अन्य कोई भी सामग्री न डाले शमशान घाट मे सफाई कमीयी ने लकडी वाले जलाने वाले वहां के दूकानदारो से कहा गये जो भी मृतक शरीर लाते हैं उस पर चढे माला फूल को एक जगह यथा स्थान पर रखे कोई भी सामग्री गंगा मे न डाले वहां लगी दूनानदारो से कहा गया दूकान के सामने डस्टबिन रखे और लोगों से कहे जो सामग्री चाहे वह चाय कप हो उसे डस्टबिन में डाले जिससे यह स्थान साफ स्वच्छ बना रहे वही नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी लोगों से घूम घूम कर स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुये कह रहे है की स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 मे प्रयागराज को नम्बर वन बनाने के लिए आगे आये।

### सहजीपुर ग्राम पंचायत में चला सफाई अभियान



**सोरांव।** सोरांव ब्लाक के ग्राम पंचायत सहजीपुर में ग्राम सभा के जिम्मेदार ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब ने दो दिवसीय बृहद सफाई अभियान गांव में चलाए। जिससे गांव को कचरा मुक्त करने में प्रधान संग सचिव ने अहम भूमिका निभाई। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान उर्मिला देवी और प्रधान पति कल्लू राम तथा सचिव ने पूरे गांव में हर घर हर गली में टहल-टहल कर निरीक्षण भी किया। तथा नाली और खड़ंजे पर ब्लीचिंग पाउडर भी डलवाई। जिससे मच्छरों का बढ़ता हुआ प्रकोप कम हो सके। और ग्रामीण सही ढंग से चैन की नींद ले सके। इस मौके पर सफाई कर्मी प्रमोद गुप्ता ,हाफिज जी, राम नरेश, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### प्रा.वि., पंचायत भवन एवं नालियों की कराई गई सफाई



**लेडियारी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसगढी मे ग्रामीण स्वछता अभियान के तहत एडियो पंचायत के निदेर्शानुसार प्रधान अशोक कुमार पाल के समक्ष सफाई कर्मियों द्वारा प्राथमिक विद्यालय नदौरा, बसगढी एवं पंचायत भवन नदौरा तथा एवं ग्राम पंचायत की प्रमुख नालियों आदि की सफाई की गयी। नदौरा स्थित पंचायत भवन एवं विद्यालयों के चारों तरफ से सफाई कराई गई। इस सफाई अभियान में ग्राम पंचायत बसगढी प्रधान अशोक कुमार पाल, आशा किरण मालती देवी, सफाई कर्मी संतोष कुमार पाल, चंद्रकांत पाल, भारत प्रसाद मांझी, राम आसरे पाल, अंजनी कुमार यादव, तृभुवन कांत, जितेंद्र कुमार शर्मा, डाक्टर, राधे श्याम, शिवपत्ति, माया देवी, आदि सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### इंटर लाकिंग सडक का करछना विधायक नें किया लोकार्पण



**करछना।** प्रयागराज विधायक करछना पियूष रंजन निषाद विधानसभा करछना के ग्राम पंचायत डीहा में नव निर्मित इंटर लॉकिग सडक का लोकार्पण करते हुए ग्रामीणो के लिए सडक मार्ग बहाल किया, मालूम हो कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पांडेय के कार्य काल के समय प्रस्तावित डीहा मुख्य मार्ग से चुप्पे पुर मार्ग पर 860 मीटर इंटर लॉकिग कार्य कराया गया था, जिसका विधायक करछना पियूष रंजन निषाद के करकमलों द्वारा लोकार्पण किया गया ।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी सहित गांव के कयी गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### ग्राम सचिवालय में कंप्यूटर कक्ष का विधायक ने किया निरीक्षण



**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में ग्राम सचिवालय का विधायक ने लोकार्पण के उपरांत भवन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण केलिए संदेश दिया और कंप्यूटर ऑपरेटर आकांक्षा पांडे से पंचायत में होने वाले विकास कार्यों से संबंधित कंप्यूटर में समस्त रिकार्ड अपलोड करने आदि जानकारी हासिल की, इस मौके पर त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, सुरेश पाण्डेय प्रधान पुरैनी, प्रधान संघ करछना अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट मौजूद रहे।

### महात्मा डिग्री कॉलेज मे स्मार्टफोन का वितरण




**लेडियारी।** उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत महात्मा डिग्री कॉलेज गड़ार में शुक्रवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्मार्टफोन वितरण समिति के अध्यक्ष डॉ आर एस पाण्डेय निदेशक चित्रवंशम ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा छात्र-छात्राओ को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार महात्मा डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर ओपी द्विवेदी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा के प्रति छात्रों को बढ़ावा देना सरकार का उचित कदम है। जबकि बी ए. तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया है। जिससे छात्र एवं छात्राओं में खुशी की लहर देखी गई। वितरण समारोह में उपस्थित डी आर सिंह, अरविंद तिवारी, डॉ आरती निगम, राकेश सिंह, रविंद्र कुशवाहा, होरी लाल, रिजवान अहमद, के अलावा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अलविदा जुम्मे की नमाज में उमड़े रोजेदार, पुलिस रही मुस्तैद





जुम्मे की आखिरी नमाज पढ़ते रोजेदार तथा नमाजियों की सुरक्षा में लगे पुलिस के जवान

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा मे अलविदा जुमा की नमाज को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में शुक्रवार को खासा उत्साह नजर आया। दोपहर को मेजा रोड स्थित मदीना मस्जिद सहित क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में नमाज के लिए रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इबादत कर नमाजियों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर मेजा रोड चौकी प्रभारी अमृत जायसवाल हेड कांस्टेबल सुरेश यादव के द्वारा मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अलविदा जुमा की विशेष नमाज शुक्रवार को मेजा रोड रेलवे स्टेशन स्थित मदीना मस्जिद में हुई। दोपहर 1:00 बजे से ही न नमाजियों का आना शुरू हो गया था मुस्लिम समाज में जुमे की नमाज को लेकर काफी उत्साह था। धूप और गर्मी की फिक्र किए बिना छोटे बच्चे भी काफी संख्या में मदीना मस्जिद पहुंचे। अपनी तकरीर में समुचित क्षेत्र सहित पूरे देश में अमन चैन तरक्की और खुशहाली की दुआ की। उन्होंने नफरत समेत सारी बुराइयों को समाप्त करने और नेकी की राह पर चलने की सीख दी। कहा कि इंसानियत से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं आपस में भाईचारा की भावना से ही मुल्क की जनता हर तरह से सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बुरी सियासत से बचने की सीख दी।

### मऊआइमा में अलविदा की नमाज बडी शांति पूर्वक माहौल में समपन्न

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज बडी संख्या में लोगों ने अता किए। मस्जिदों के बाहर पुलिस की डयूटी लगायी गयी थी। मऊआइमा क्षेत्र के कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों के मस्जिदों में पवित्र रमजानुल मुबारक की आखिरी जुमा यानि अलविदा की नमाज बडी संख्या में शांतिपूर्वक माहौल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सभी मस्जिदों में मुल्क के सलामती और भाई चारे की विशेष दुआ की गई। मस्जिद के बाहर पुलिस का सख्त पहरा रहा। कहीं कोई वारदातों की सूचना नहीं मिली । अलविदा की नमाज के बाद लोग ईदुल फित्र की तैयारी और खरीदारी में जुट गए हैं। जिससे बाजारों में काफी रौनक लौट आयी है।

## पाक मुकद्दस महिना रमजान की आखिरी जुम्मा (अलविदा) की नमाज शांति पूर्ण हुई संपन्न



**लेडियारी।** खीरी एवं नारीबारी मस्जिद में मोहम्मद अयूब नेता द्वारा किया गया रोजा इफ्तार का प्रोग्राम प्रयागराज के यमुनापार नारीबारी मस्जिद में रोजा इफ्तार का प्रोग्राम किया गया जिसमें पूर्व प्रधान राघवेंद्र शुक्ला नारीबारी मोहम्मद अमीन मोहम्मद आदिल इंजीनियर नंदू केसरवानी काफी लोग उपस्थित रहे रोजे इफ्तारी में रोजेदारों के लिए बिरयानी सेब संतरा शरबत व खाने पीने की तमाम इंतजाम किया गया था मुस्लिम धर्म के हिसाब से रोजेदारों को रोजा इफ्तार करवाने से काफी शबाब मिलता है और गुनाहों में काफी कमी आती है इस रमजान के मुकद्दस महीने के बाद ईद का त्यौहार गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देकर सेवई पिलाकर मनाया जाता है रोजा इफ्तार में आए 12 विधानसभा के उपाध्यक्ष सपा नेता राघवेंद्र शुक्ला ने बातचीत ने बताया कि नारी बारी क्षेत्र में हिंदू मुस्लिम दोनों मिलकर के आपस में ईद हो या होली हो सब हिंदू मुसलमान एक दूसरे से मिलजुल कर के त्यौहार मनाते हैं यहां कभी किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई और आने वाले समय में भी होने की संभावना नहीं है रोजे इफ्तार के मौके पर नारीबारी मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद अकील ने लोगों को ईद की नमाज पर समय से मस्जिद में आने के लिए और जो लोग रोजा नहीं रख रहे हैं उनको रोजा रखने और नमाज पढ़ने के लिए हिदायत भी दी खीरी पुलिस एवं नारीबारी चौंकी प्रभारी द्वारा पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था देखा गया।

# नहर टूटने से सैकड़ों बीघा खेत जलमग्न

**पशु पक्षियों के लिए छोड़ा गया था पानी**



बरसैता माइनर टूट जाने से खेतों में भरा पानी

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र के तिगजा गांव के समीप तिगजा-बरसैता माइनर टूट जाने से अगल बगल सैकड़ों बीघा जमीन जलमग्न हो गया। हनुमान गढ़ चौराहे के आसपास सड़क के किनारे लबालब नहर का पानी भरा हुआ है। बता दें कि अप्रैल के महीने में पशुओं व पक्षियों को पीने के लिए पर्याप्त पानी व किसानों को सब्जी की खेती करने के लिए नहरों में पानी छोड़ा गया है। लेकिन विभागीय अधिकारी व स्थानीय ठेकेदार की लापरवाही के चलते तिगजा-बरसैता माइनर करदहा गांव व हनुमान गढ़ चौराहे के पास टूट गई और हर जगह पानी ही पानी दिखाई दे रहा है ।बता दें कि माइनर की पटरी करदहा गांव व तिगजा गांव के पास एकदम पतली होकर टूट गई है। जो धान व गेंहू की खेती के समय भी उक्त माइनर टूट जाती थी जिससे किसानों का काफी नुकसान हो जाता था। लेकिन विभागीय अधिकारियों की नाराजगी के चलते तिगजा-बरसैता माइनर की पटरी को ठीक नही कराया गया। जिससे एक सप्ताह से नहरों में पानी बह रहा है जिससे कमजोर होने की वजह से उक्त माइनर टूट गई। तिगजा व हनुमान चौराहे के पास सैकड़ों बीघा जमीन मे लबालब पानी भरा हुआ है। जिसके कारण आगे के गांवों में पानी नही पहुंच पा रहा है। उक्त टूटी माइनर का विभाग को भनक तक नहीं है कि पानी कहां जा रहा है और कहां जाना चाहिए। टूटी माइनर को लेकर स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की है।

# मनमानी : सफाईकर्मी से की जाती है वसूली

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** सरकार भले ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को गांवो में नित्य प्रतिदिन साफ सफाई कराए जाने के कड़े निर्देश दिए हो किंतु जमीनी हकीकत कुछ अलग ही बयां कर रही है। गांवो में तैनात सफाई कर्मचारी ड्यूटी के बजाय अपने उच्चाधिकारियों को सुविधा शुल्क देकर महीने महीने भर ड्यूटी से नदारद रहते हैं। जो सफाई कर्मचारी नित्य प्रतिदिन गांवो में ड्यूटी कर रहे हैं वे अपने दबी जुबान से यह कहते देखे जा रहे हैं ।कि जो सफाई कर्मचारी माह भर गायब रहते है उनसे ब्लॉक के अधिकारी आठ हजार प्रति माह लिया करते हैं। ज्ञातव्य हो कि माह जनवरी 2022 में विकासखंड बहादुरपुर से विकासखंड कोरांव के लिए रिक्त गांवो में कुल लगभग 31 सफाई कर्मचारियों का स्थानांतरण कर कोरांव के गांवो में तैनाती दी गई।कोरांव में पहले से तैनात सफाई कर्मचारियों की बातों पर गौर किया जाए तो उनका कहना है कि बहादुरपुर से कोरांव के लिए स्थानांतरित सफाई कर्मचारी प्रत्येक महीने 8000 रुपए सुविधा शुल्क देकर ड्यूटी से नदारद रहते हैं। उनको अपने तैनाती गांव से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। यह खेल एक लंबे समय से खेला जा रहा है। विकासखंड कोरांव में कुल 115 ग्राम पंचायतें हैं अगर देखा जाए तो दर्जनों ऐसे गांव हैं जहां सफाई कर्मचारी कभी जाते ही नहीं। ग्राम प्रधान जब उच्च अधिकारियों से सफाई कर्मचारियों के न आने की शिकायत करते हैं, तो उन पर खुद विकास कार्यों का दबाव बनाकर उनकी भी जुबान को बंद कर दिया जाता है। ऐसे में सरकार की मंशा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**सफाई कर्मचारियों का आलम, ड्यूटी से रहते हैं नदारद गाँवो में फैली गन्दगी**

### विशेष सफाई अभियान को भी अफसरों ने दिखाया ठेंगा

उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक गांवो में संचारी रोगों के फैलने से बचाव के लिए विशेष सफाई अभियान चलाए जाने का निर्देश स्वास्थ्य एवं ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों को दिया था। प्रत्येक गांव में सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सार्वजनिक स्थलों तथा पटी भटी पड़ी नालियों की साफ-सफाई कार्य कराए जाने को लेकर माड्यूल भी तैयार कराया गया था, किंतु अफसरों की लापरवाही व सफाई कर्मचारियों की मनमानी से यह अभियान भी परवाह नहीं चढ़ सका। विकासखंड कोरांव में विशेष सफाई अभियान महज कुछ चंद गांवो में चला जिसके बाद अभियान अपने समापन की ओर पहुंच चुका है। दर्जनों ऐसे गांव हैं जहां विशेष सफाई अभियान के जरिए भी गांवो में साफ सफाई नहीं कराई गई। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रत्येक गांवो में फागिंग व एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराये जाने का भी निर्देश दिया गया था। किंतु किसी भी गांव में न तो फागीग कराई गई और न ही एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया गया जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि स्वास्थ्य एवं संचारी रोगों की रोकथाम हेतु विभागीय अफसर ही रुचि नहीं ले रहे हैं जिससे स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दो पर भी सरकारी आदेशों की अवहेलना हो रही है। लोगों ने बेपरवाह सफाई कर्मचारियों एवं लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# विकास कार्यों को लेकर पंचायत सदस्यों की बैठक संपन्न



फोटो, सदन में बोलते जिला पंचायत सदस्य डाक्टर विजय बाबू यादव

अखंड भारत संदेस

**करछना।** प्रयागराज सदन में बिजली कटौती और अस्पतालों में डाक्टरों की अनुपस्थिति का भी मुद्दा उठाया गया, जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय यादव ने करछना क्षेत्र में बिजली कटौती और अस्पतालों में डाक्टरों अनुपस्थिति से जूझ रहे लोगों की बात सदन के पटल पर गंभीरता से उठाया, शुक्रवार को करछना ब्लॉक परिसर में सरकार द्वारा क्रियान्वित विकास कार्यों की मुद्दे को लेकर ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी व खंड विकास अधिकारी रामविलास राय की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई । जिसमें सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में नए वित्तीय वर्ष की कार्य योजनाओं का रूपरेखा तैयार किया गया । बैठक में पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह, जिला पंचायत सदस्य विजय बाबू यादव, कुलदीप त्रिपाठी, भाजपा यमुनापार जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल शामिल हुए। बैठक के शुरूआती दौर में ग्राम सभाओं में किए गए विकास कार्यों की लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल ने सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर योजना का लाभ निचले पायदान पर रहने वाले लोगों तक पहुंचे। पूर्व ब्लाक प्रमुख विजयराज सिंह ने ग्राम प्रधानो को क्षेत्र पंचायत सदस्यों के सहयोग से गांव का विकास कार्य करने की बात कही। ब्लाक प्रमुख सरोज - कमलेश द्विवेदी ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू होते हुए कार्य योजना में उनके कार्यों को डाला। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चौमुखी विकास के लिए सभी के कार्य योजना में डाले गए प्रस्ताव को पूरा करने का सत प्रतिशत प्रयास करूंगा। जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या भेदभाव नहीं की जाएगी। खंड विकास अधिकारी ने अमृत सरोवर के तहत तालाबों का सौंदर्यीकरण, जल संरक्षण हेतु तालाब की खुदाई, व वृक्षारोपण के प्रति जानकारी दी। बैठक में लगातार हो रही बिजली कटौती व पानी की समस्याओ को पंचायत सदस्यों ने प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम का संचालन नारायण सिंह ने किया। जिस मौके पर एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा, सहायक ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वर सिंह, अल्प नारायण सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लेखा परीक्षा एसोसिएशन, कृषि बीज प्रभारी दशरथ यादव,सुसुरेश पांडेय, दशरथ यादव , प्रदीप पाठक, ग्राम प्रधान धितेश तिवारी, राजकुमार पटेल, धर्मराज सिंह, कृष्ण देव, सुरेश पांडे, दीपचंद्र, परमानंद, मंजू द्विवेदी,चंद प्रकाश तिवारी, बडे लाल,आदि बडी संख्या में प्रधान व क्षषेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## प्रमसपा की हुई बैठक

**सहसों।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की एक बैठक सहसों स्थित पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मौजी लाल बिंद की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मौजूद पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल ने पार्टी द्वारा दिए दिशा निर्देश के तमाम बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं से 2 मई दिन सोमवार को आरक्षण के मुद्दे पर जोरदार धरना प्रदर्शन के लिए जिला कचहरी प्रयागराज के प्रांगण में अधिक से अधिक उपस्थित होकर सफल बनाने का अपील किया। बैठक में प्रमुख रूप से राजेश बिन्द, मोहन लाल बिन्द, गजराज बिन्द, गिरधारी लाल सरोज, लखपत केवट, शिव मिलन बिन्द, वीपी परवाना, मदनलाल बिन्द, पूर्णवासी लाल बिन्द, मानसिंह बिन्द, वंश बहादुर बिन्द सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधानसभा करछना को एक माडल के रूप में विकसित करेंगे : पियूष रंजन

अखंड भारत संदेश



ग्राम सचिवालय का लोकार्पण करते हुए विधायक करछना

**करछना।** प्रयागराज विधायक करछना पियूष रंजन निषाद विधानसभा करछना के ग्राम पंचायत पुरैनी हासिमपुर में ग्राम सचिवालय का लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत की, उस दौरान गांव में बनें पंचायत भवन सचिवालय की खुबसूरती देख खुशी जताते हुए लोकार्पण उपरांत अभिनंदन समारोह में उपस्थित लोगों के बीच कहा कि करछना हमारा घर हैं मैं अपने परिवार के साथ कभी अन्याय नहीं बरदास्त करेंगे, तथा जो यहाँ वर्षो से विकास अधूरा पडा है उसे पटरी पर लाने का प्रयास करूगा, और विधानसभा करछना को एक माडल के रुप में विकसित करने का प्रयास करूगा, उन्होंन कहा कि इसके पूर्व में विधायक एवं सांसद ने करछना में विकास केलिए कुछ भी नहीं किया, यहाँ की सडकों का हाल बहुत खराब है, जिसको समय रहते यहाँ सडकों व अन्य कमियां मैं दूर कर क्षेत्र को विकास के रास्ते पर बहुत तेजी से कार्य होगा, उन्होंने सबसे पहले पंचायत सचिवालय के लोकार्पण के उपरांत भवन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण केलिए संदेश दिया, उसके बाद कम्प्यटर कंक्ष का निरीक्षण करते हुए सभी जानकारियों से भी अवगत हुए, लोकार्पण एवं अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी पति कमलेश द्विवेदी,खंड विकास अधिकारी करछना राम विलास राय, सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर सिंह, अतुल मिश्रा, प्रधान श्रीमती मंजू पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, अवधेश पांडेय, जिला उपाध्यक्ष भाजपा त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, नन्हे पांडेय, सचिव कमल सिंह, सहायक सचिव आकांक्षा पांडेय, प्रधान संघ करछना अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट, रिंकू सिंह, मिथिलेश द्विवेदी, सहित बड़ी संख्या में प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा गणमान्य लोग शामिल रहे ।

## खबर संक्षेप

### अकीदत व एहतेराम से अदा की गई अलविदा की नमाज

**लालगोपालगंज।** रमजान के पवित्र महीना के अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज पूरे अकीदत व एहतेराम के साथ अदा की गई। नमाज अदा करने के लिए तमाम तरह की तैयारियां की गई थीं। मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा करने वाले अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखा गया। लालगोपालगंज नगर पंचायत समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अलविदा की नमाज अदा की गई। क्षेत्र की लगभग दर्जनों मस्जिद एवं जामा मस्जिदों में ही इस बार अलविदा की नमाज अदा की गई। रमजान के मुकद्दस महीने में की गई इबादत को कुबूल करने के लिए रब को राजी किया गया। अकीदतमंदों ने मस्जिदों में दुआएं की। मुल्क में अमन और शांति के साथ जानलेवा कोरोना जैसे संक्रमण से भी निजात की दुआएं की गईं। एक तरफ अलविदा की नमाज से पहले बच्चों में खासा उत्साह रहा। तो वहीं दूसरी ओर बड़े बूढ़े और बुजुर्गों ने रमजान उल मुबारक के रुखसत होने का अफसोस भी रहा। मस्जिदों में उलेमा ने खिताब करते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना किसे मिलता है यह रब ही बेहतर जानता है। पिछले साल जो लोग हमारे साथ रमजान के अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज में मौजूद थे। आज वह हमारे बीच नहीं हैं। इसलिए हम सभी को रमजान के महीने का एहतमाम और एहतेराम करना चाहिए।

# दिव्य व भव्य कुंभ बनाने को लेकर मंडलायुक्त ने की बैठक

## 2025 महाकुंभ को भी दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक की

अखंड भारत संदेश



दिव्य भव्य कुंभ की तैयारियों की बैठक करते मंडलायुक्त

**प्रयागराज।** शासन की मंशा के अनुरूप 2025 महाकुंभ को भी दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त संजय गोयल ने कार्यालय स्थित गांधी सभागार में आज सभी संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक ली जिसमें प्रयागराज को पर्यटन की दृष्टि से और बेहतर बनाने हेतु कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम जनपद में ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु हर्षवर्धन, मेडिकल कॉलेज एवं आईईआरटी जैसे प्रमुख चौराहों, जहां पर कुंभ मेला ट्रैफिक सबसे अधिक होता है, को डीकन्जेस्ट कराने के लिए फीजिबिलिटी स्टडी कराने के निर्देश दिए गए। इस कार्य हेतु उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण श्री अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर दी गई है जिसमें पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी होंगे। यह कमेटी सभी भीड़भाड़ वाले इलाकों का सर्वे कर अपनी फीजिबिलिटी रिपोर्ट 1 माह के भीतर मंडल आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इसके अतिरिक्त इस कमेटी को कुंभ के दृष्टिगत उचित पार्किंग व्यवस्था हेतु संभावित पार्किंग स्थलों का भी चिन्हिकरण करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में कुंभ मेले 2025 के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को अपशिष्ट एवं लिक्विड वेस्ट प्रबंधन हेतु भी एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं जिससे कि आने वाले वर्षों में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ठोस इंतजाम किए जा सके। उन्होंने विभाग को प्राथमिकता वाले प्रोजेक्ट्स की सूची तैयार करने को भी कहा है जिससे कि निर्धारित समय सीमा में जितने भी प्रोजेक्ट पूरे किए जा सकें सिर्फ उन्हें ही लिया जाए। बैठक में अरैल स्थित त्रिवेणी पुष्प पर एक कुंभ डिजिटल म्यूजियम बनाने का भी सुझाव पर्यटन विभाग द्वारा दिया गया जिस पर मंडलायुक्त ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है। इस प्रपोजल के साथ ही कर्जन ब्रिज पर जो रिवर वाटर म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव पहले से दिया जा चुका है उस पर भी आगे की कार्यवाही करने को कहा गया है। साथ ही पर्यटन की दृष्टि से पत्थर गिरजाघर की रोटरी को भी और विकसित करने पर चर्चा की गई एवं उसे और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है इस पर सुझाव मांगे गए हैं। प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रमुख मंदिरों तक जाने में कोई कठिनाई न हो इसके दृष्टिगत कुछ प्रमुख मंदिरों की अप्रोच रोड के चौड़ीकरण का भी सुझाव दिया गया है जिसमें ललिता देवी मंदिर एवं तक्षक पीठ तक जाने वाली सड़कों को और चौड़ा करने का सुझाव दिया गया है। साथ ही प्रयागराज की महत्वता को दर्शाते यहां के द्वादश माधव मंदिरों को पर्यटन सर्किट से जोड़ने हेतु एक द्वादश माधव दर्शन सर्किट बनाने के भी निर्देश पर्यटन विभाग को दिया गया है जिससे कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सभी मंदिरों का दर्शन एक बार में ही कराया जा सके।बैठक में विद्युत विभाग द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र, आसपास के प्रमुख मंदिरों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों पर वायरिंग अंडरग्राउंड कराने का भी सुझाव दिया गया है। साथ ही सिंचाई विभाग ने मनसैता नाले पर स्थाई पुलिया बनाने, दशाश्वमेध घाट का जीर्णोद्धार करने एवं नाग वासुकी के पास कटान निरोधक कार्य कराने हेतु भी प्रोजेक्ट दिया है जिसकी समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने सभी कार्यों की फीजिबिलिटी रिपोर्ट आईआईटी से कराकर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# अपात्र राशन कार्ड धारक अपने राशन कार्ड निरस्तीकरण हेतु आवेदन के साथ करें समर्पण

## राशनकार्ड सत्यापन के अन्तर्गत अपात्र पाए जाने की स्थिति में की जायेगी नियमानुसार कार्यवाही

**प्रयागराज।** जिलापूर्ति अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि जनपद-प्रयागराज के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत समस्त राशनकार्ड धारकों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत जिन लोगों के राशनकार्ड बने हुए हैं एवं जिनके द्वारा योजना का लाभ प्राप्त करते हुए उचित दर दुकानों से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त की जा रही हैं, वे अपनी योजना हेतु पात्रता की शर्तें स्पष्ट रूप से समझ लें और यदि वे पात्रता की शर्तों के अन्तर्गत नहीं आते हैं तो नियमानुसार अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्रीय खाद्य कार्यालयों/तहसील कार्यालयों में अपने राशनकार्ड निरस्तीकरण हेतु आवेदन के साथ समर्पण कर दें अन्यथा की स्थिति में राशनकार्ड सत्यापन के अन्तर्गत अपात्र पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित राशनकार्ड धारक का ही होगा। ग्रामीण क्षेत्र हेतु पात्रता की शर्तें ( इन्क्लूजन क्राइटेरिया )इस प्रकार है (क) निम्न परिवार में से आने वाले व्यक्तिः- (1) भिक्षावृत्ति कराने वाले,(2)घरेलू काम-काज करने वाले,(3)जूते-चप्पल की मरम्मत करने वाले, (4) फेरी लगाने वाले/खोमचे वाले/रिक्शा चालक आदि, (5) कुष्ठ रोग/कैंसर/एड्स से पीड़ित, (6) अनाथ/माता-विहीन बच्चे,(7) स्वच्छकार, (8) दैनिक वेतनभोगी मजदूर यथा-कुली, पल्लेदार आदि (ख) भूमिहीन मजदूरों के परिवार (ग) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार (घ) परित्यक्त महिलाएं (ङ) परिवार जिनका मुखिया निराश्रित महिला विकलांग अथवा मानसिक रूप से विक्षिप्त है (च) आवासहीन परिवार। अतः उक्त के अतिरिक्त यदि ग्रामीण क्षेत्र में कार्ड धारक आयकर दाता हैं या परिवार में चार पहिया वाहन है या परिवार में टैक्टर है या परिवार में हारवेस्टर है या परिवार में ए0सी0 है या परिवार मे 5 के0वी0ए0 या उससे अधिक क्षमता का जनरेटर है या परिवार में 5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि हो या परिवार में एक से अधिक शस्त्र लाइसेन्स हो या परिवार के समस्त सदस्यों की वार्षिक आय 02 लाख से अधिक हो तो ऐसी स्थिति में अपना राशनकार्ड तत्काल समर्पित कर दें।

# 14 वर्ष की बच्ची ने दिया बच्चे को जन्म

अखंड भारत संदेश

## नाबालिगों की नादानी ने तीन जिंदगियों का जीवन अंधकार में

**प्रयागराज।** नाबालिगों की नादानी ने तीन जिंदगियों का जीवन अंधकार में ढकेल दिया। दुष्कर्म की शिकार 14 वर्ष की बच्ची मां बन गई है और आरोपी किशोर बाल सुधार गृह में बंद है। बच्ची और उसके बेटे को परिवार वाले भी ले जाने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में दोनों को खुल्दाबाद स्थिति राजकीय बाल एवं शिशु गृह में रखा गया है।सराय ममरेज की बालिक दुष्कर्म के बाद गर्भवती हो गई। परिवार वालों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने जनवरी में ही थाने में रिपोर्ट लिखाई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। चूंकि आरोपी की उम्र भी 13-14 वर्ष है, इसलिए उसे खुल्दाबाद स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया गया।उधर, बच्ची ने तीन दिन पहले डफरिन में बेटे को जन्म दिया। कुछ दिन पहले हंडिया में छह साल की बच्ची के साथ दरंदिगी हुई थी। डफरिन में बालिका का हालचाल लेने के लिए पहुंची बाल कल्याण समिति की सदस्य सुमन पांडेय, सुषमा शुक्ला और आकांक्षा सोनकर को इस दौरान 14 वर्ष की बालिका के बारे में भी जानकारी हुई।

**पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाने का आदेश :** समिति के सदस्यों के निर्देश पर चाइल्ड लाइन के माध्यम से पूरे मामले को बाल कल्याण समिति के सामने रखा गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। नवजात को बृहस्पतिवार को ही राजकीय शिशु गृह में रखने का आदेश दिया गया। अन्य प्रक्रिया पूरी कर नाबालिग मां को भी शुक्रवार को बालिका गृह में लाया गया।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश मिश्र की ओर से राज्य बाल संरक्षण आयोग को पत्र लिखा गया है। साथ ही उन्होंने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करने के लिए स्थानीय पुलिस को आदेश दिया है। अध्यक्ष का कहना है कि बालिका और शिशु दोनों स्वस्थ हैं।

**छह महीने बाद भी प्रशासन नहीं जुटा पाया तीन लाख रुपये :** सशक्तिकरण के नारों के बीच महिला उत्पीड़न की घटनाओं को लेकर नेता तथा प्रशासन कितना संजीदा है, इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि अधेड़ की दरिंदगी का शिकार होकर 13 वर्ष की उम्र में मां बनने वाली बिटिया को महीनों बाद भी तीन लाख रुपये नहीं मिले। सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी के हस्तक्षेप तथा घोषणा के बावजूद बिटिया को देने के लिए प्रशासन छह महीने बाद भी तीन लाख रुपये का इंतजाम नहीं कर सका।चार महीने के बच्चे को लेकर बच्ची 27 अक्तूबर को डीएम के यहां फरियाद के लिए पहुंची थी। इसके बाद सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी ने भी बिटिया से मुलाकात की। इसके बाद बच्ची को खेती तथा रहने के लिए दो स्थानों पर अलग-अलग जमीन तो मिल गई लेकिन, तीन लाख रुपये अभी तक नहीं मिले। जबकि, नवंबर के पहले सप्ताह में ही तीन लाख रुपये दिए जाने की घोषणा की गई थी। बिटिया के पिता का कहना है कि तीन दिन पहले जिला प्रोबेशन अधिकारी से मुलाकात हुई थी। उन्होंने जल्द ही पैसा दिए जाने की बात कही।

## लिव इन में रहने वाली महिला ने दर्ज कराई दुष्कर्म की एफआईआर

**प्रयागराज।** शहर के मुट्ठीगंज इलाके में लिव इन में रहने वाली एक महिला ने अपने ही दोस्त पर दुष्कर्म करने की एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि महीनों साथ में रहने के बाद वह भाग गया। इसी दौरान उसने नशीली दवा खिलाकर गर्भपात भी करा दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कौशांबी की रहने वाली एक महिला का पति से तलाक हो गया था। इसके बाद वह अपने दोस्त अंकित दिवाकर निवासी सैयद सरावा, कौशांबी के साथ मुट्ठीगंज में मकान किराये पर लेकर लिव इन में रहने लगी। बुधवार को महिला ने अंकित के खिलाफ तहरीर दी कि उसने शादी का वादा कर कई बार दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हो गई तो वह गर्भ गिराने के लिए कहने लगा। जब उसने इनकार किया तो एक दिन नशीली दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद वह भाग निकला।एसओ मुट्ठीगंज राजेश कुमार ने बताया कि अंकित के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। महिला अपने पति से अलग होने के बाद महीनों अंकित के साथ रही। उसने शादी का वादा किया लेकिन भाग निकला था। अंकित का बयान दर्ज करने के बाद आज ही उसे जेल भेज दिया गया।

# नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

## सीडीओ ने प्रशिक्षण का सदुपयोग कर देश व समाज की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहने का किया आहवाहन




नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व प्रशिक्षक

**प्रयागराज।** उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा नरेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत हवाई हमले/आपदा के दौरान बचाव हेतु नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को विकास भवन स्थित सरस केन्द्र में समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों का स्वागत चीफ वार्डन, डि0चीफ वार्डन व उपनियंत्रक द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षण अवधि में किये गये कार्यों का प्रेजेंटेशन दिया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि द्वारा माघ मेला-2022 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा पुलिस लाइन में आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड में सम्मिलित स्वयंसेवकों को प्रशस्ति प्रत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी0ओ0 कर्नलगंज चैहान द्वारा नागरिक सुरक्षा के वार्डन पदाधिकारियों के किये जा रहे सराहनीय कार्यों के साथ-साथ उम्मीद किया कि उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने से स्वयंसेवकों की प्रतिभा को और निखरने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्होंने प्रयागराज जनपद में पहली बार सिविल डिफेंस को इतना ऐक्टिव देखा है। साथ ही एन0डी0आर0एफ0 से प्राप्त प्रशिक्षण का सदुपयोग कर देश व समाज की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहने का आहवाहन किया। उपनियंत्रक नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से नागरिक सुरक्षा विभाग किसी भी हवाई हमले अथवा आपदा में प्रशासन को सहयोग करने में शांतिकाल में स्थानीय महत्व के कार्यों के साथ-साथ अहम भूमिका रखता है। चीफ वार्डन अनिल कुमार द्वारा अपने उद्बोधन में नागरिक सुरक्षा, प्रयागराज की विभिन्न सामरिक महत्व के कार्यक्रमों में प्रतिभाग की चर्चा करते हुये प्रसन्नता व्यक्त की व चलाये गये प्रशिक्षण की निरंतरता बनाये रखने का आश्वासन दिया। डिप्टी चीफ वार्डन सादिक हुसैन सिद्दीकी ने उक्त समापन कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथिगण एवं वार्डन/स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोग अपने निजी जीवन के साथ-साथ दूसरों के साथ भी साझा करने पर बल दिया। कार्यक्रम का सकुशल संचालन रौनक गुप्ता द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 200 वार्डन/स्वयंसेवको ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक राकेश तिवारी, चीफ वार्डन अनिल कुमार, डिप्टी चीफ वार्डन सादिक हुसैन सिददीकी सहित प्रखण्डों के डिवीजनल/डि0 डिवीजनल वार्डन, आई0सी0ओ0, स्टाफ आफीसर, पोस्ट वार्डन, सेक्टर वार्डन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रिक बसों का किराया यात्रियों को दे रहा झटका



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम नगरी में इलेक्ट्रिक बसों का किराया यात्रियों को झटका दे रहा है। यहां इलेक्ट्रिक बसों का किराया यूपी में सबसे ज्यादा है। न्यूनतम किराए के रूप में यात्रियों से 10 रुपये वसूले जा रहे हैं जबकि प्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम किराया पांच रुपये है। राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद, मेरठ के अलावा बरेली जैसे शहर में भी इलेक्ट्रिक बस से यात्री सफर करते हैं तो दो किलोमीटर की दूरी तय करने पर उन्हें मात्र पांच रुपये चुकाने होते हैं। लेकिन, प्रयागराज में इसके लिए यात्रियों से 10 रुपये लिए जाते हैं। यात्री इस पर कई बार आपत्ति जता चुके है। मांग की जा रही है को दो किमी तक का किराया पांच रुपये लिया जाए। गर्मी बढ़ने के साथ इन बसों में यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है, लेकिन किराये का करंट यात्रियों को परेशान कर रहा है।

## संगम नगरी में चल रही हैं 25 इलेक्ट्रिक बस

इस समय में शहर के पांच रूटों पर 25 बसें चल रही हैं। इसमें प्रयागराज जंक्शन से लालगोपालगंज, न्यू शांतिपुरम से रेमंड, त्रिवेणीपुरम से पुरामुफ्ती, बैरहना से शंकरगढ़ और सिविल लाइंस बस अड्डे से प्रतापपुर रूट पर बसें चलायी जा रही हैं। इनमें किराया किलोमीटर के अनुसार है।प्रयागराज सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक टीकेएस विसेन ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों का किराया बोर्ड द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार ही लिया जा रहा है। बोर्ड ने न्यूनतम किराया दस रुपये रखा है और प्रयागराज में वही लागू है। अगर बोर्ड की ओर से कोई बदलाव या नया निर्देश आते हैं तो उसे लागू किया जाएगा।

## इलेक्ट्रिक बसों में वर्तमान किराया

0-3 किमी के लिए 10 रुपये, 3-6 किमी के लिए 15 रुपये, 6-10 किमी के लिए 20 रुपये, 10-14 किमी के लिए 25 रुपये, 14-19 किमी के लिए 30 रुपये, 19-24 किमी के लिए 35 रुपये, 24-30 किमी के लिए 40 रुपये, 30-36 किमी के लिए 45 रुपये, 36-42 किमी के लिए 50 रुपये यात्रियों को चुकाने होते हैं।




हंडिया में मासूम बालिका के दुराचारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते लोग।

# मासूम बालिका बलात्कारियों को फांसी की मांग

**सहसों।** मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपितों को फांसी की मांग को लेकर वैश्य समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। हंडिया थाना क्षेत्र में हुई छह वर्षीय मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को वैश्य समाज ने राम जानकी मंदिर सहसों में दुष्कर्म के आरोपितों को फांसी की सजा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में अच्छे लाल साहू के नेतृत्व में राम जानकी मंदिर से प्रारंभ कर सहसों चौराहा होते हुए पुनः राम जानकी मंदिर पर समाप्त किया। इस दौरान साथ चल रहे कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन में नारे लगाते हुए शीघ्र कार्रवाई करते हुए आरोपितों की फांसी की सजा की मांग कर रहे थे।

# काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद विवाद

अखंड भारत संदेश

## हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट के परिसर का सर्वे कराने के आदेश पर 31 मई तक लगाई रोक

**प्रयागराज।** काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल याचिका पर मंदिर के अधिवक्ता विजय शंकर रस्तोगी की बहस पूरी नहीं हो सकी। अब अगली सुनवाई 10 मई को होगी। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत के विवादित परिसर का सर्वे कराने के आदेश पर लगी रोक 31 मई तक बढ़ा दी है।अंजुमन इंतजामिया मस्जिद वाराणसी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से वाराणसी की अधीनस्थ कोर्ट के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाओं की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया कर रहे हैं। रस्तोगी ने कहा कि संपत्ति वक्फ संपत्ति के रूप में पंजीकृत होने मात्र से उस पर गैर मुस्लिमों का अधिकार खत्म नहीं हो जाता।उन्होंने कहा कि 1960 के वक्फ एक्ट में 1984 में संशोधन किया गया, लेकिन वह लागू नहीं हो सका। संशोधन में वक्फ बोर्ड और गैर मुस्लिम के बीच संपत्ति विवाद की दशा में नोटिस विश्वनाथ मंदिर को जारी करना जरूरी है। मगर, वादी विपक्षी को कोई नोटिस नहीं दी गई। इस कारण भी वक्फ एक्ट इस मामले में लागू नहीं होगा।

**हाईकोर्ट में मंदिर पक्ष की ओर से रखा जा रहा पक्ष :**

रस्तोगी ने कहा कि 1995 का वक्फ एक्ट लागू किया गया, तो सभी वक्फ संपत्तियों का दोबारा पंजीकरण करना अनिवार्य किया गया है। मगर, प्रश्नगत विवादित संपत्ति कभी भी दोबारा पंजीकृत नहीं कराई गई है। इसलिए विवादित संपत्ति को वक्फ संपत्ति नहीं माना जा सकता। रस्तोगी ने कहा कि पंजाब वक्फ बोर्ड बनाम शैम सिंह केस में कहा गया है कि विवादित जमीन वक्फ संपत्ति नहीं हो सकती। रस्तोगी ने कहा कि 1936 में दीन मोहम्मद, मोहम्मद हुसैन और मोहम्मद जकारिया ने बनारस अधीनस्थ अदालत में घोषणात्मक वाद दायर किया था। जिसमें मौजा शहर खास, परगना देहात अमानत, बनारस गाटा 9,130 रकबा एक बीघा नौ बिस्वा 6 धुर, चबूतरा, पेड़, पक्का कुआं आदि को वक्फ संपत्ति घोषित करने और अलविदा नमाज पढ़ने की प्रार्थना की गई थी। कोर्ट ने दावा साबित न कर पाने के कारण खारिज कर दिया। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में प्रथम अपील 1937 में दाखिल की गई। जो 1942 में निर्णीत हुई। जिसमें केवल वादी को ही नमाज पढ़ने की राहत मिली थी। जिसका फायदा दूसरा कोई नहीं उठा सकता। इसलिए याचिका खारिज की जाए। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के अधिवक्ता ने कहा कि जो भी कोर्ट आदेश करेगी, वह पालन करेंगे।

# विश्वविद्यालय में विधि की सेमेस्टर परीक्षाएं 20 मई से

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में विधि की सेमेस्टर परीक्षाएं 20 मई से शुरू होने जा रहीं हैं। इसके साथ ही इविवि प्रशासन ने एमकॉम, एमबीए, एमसीए समेत एमए और एमएससी के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। सत्र 2021-22 के तहत सभी पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं मई एवं जून में संपन्न करा ली जाएंगी।एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की नया पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा 20 मई से 30 जून तक सुबह 8.30 से 10.30 बजे के बीच, एलएलबी चौथे सेमेस्टर नए एवं पुराने पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा 20 मई से एक जून तक अपराह्न दो से चार बजे के बीच, एलएलबी छठवें सेमेस्टर नए एवं पुराने पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा 21 मई से दो जून तक सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक होगी। एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा 20 से 30 मई तक अपराह्न दो से चार बजे के बीच और एलएलएम चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 21 मई से चार जून तक सुबह 8.30 से 10.30 बजे के बीच संबंधित इकाई में होगी।वहीं, बीएएलएलबी पहले एवं छठे सेमेस्टर की परीक्षा 21 मई से एक जून तक सुबह अपराह्न दो से चार बजे , बीएएलएलबी चौथे एवं आठवें सेमेस्टर की परीक्षा 21 मई से एक जून तक सुबह सुबह 8.30 से 10.30 बजे और बीएएलएलबी दसवें सेमेस्टर की परीक्षा 20 से 27 मई तक सुबह 8.30 से 10.30 बजे के बीच होगी। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पहले, चौथे, छठवें, आठवें एवं दसवें सेमेस्टर सत्र 2020-21 में जिन छात्र-छात्राओं ने द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन किए हैं, वे समय सारिणी के अनुसार परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

**एमए की सेमेस्टर परीक्षाएं :** एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा दो से 11 मई, समाजशास्त्र प्रथम सेमेस्टर 18 से 25 मई, चतुर्थ सेमेस्टर 19 से 25 मई, उर्दू प्रथम सेमेस्टर 19 से 31 मई, चतुर्थ सेमेस्टर 21 मई से एक जून, दर्शनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर 10 से 18 मई, चतुर्थ सेमेस्टर 11 से 19 मई, राजनीति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर नौ से 17 मई, चतुर्थ सेमेस्टर 21 से 27 मई, मास कम्युनिकेशन प्रथम सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर चार से नौ मई, अरबी एवं फारसी चतुर्थ सेमेस्टर नौ से 13 मई, महिला अध्ययन प्रथम सेमेस्टर नौ से 13 मई, अर्थशास्त्र प्राथम सेमेस्टर 17 मई से एक जून, चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 13 मई से तीन जून तक होगी।

**एमए/एमएससी की सेमेस्टर परीक्षाएं :** मनोविज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर सात से 19 मई, मानव विज्ञान प्रथम एवं चतुर्थ सेमेस्टर नौ से 19 मई, टेक्सटाइल एंड अपेरल डिजाइनिंग प्रथम एवं चतुर्थ सेमेस्टर नौ से 14 मई, रक्षा अध्ययन प्रथम सेमेस्टर नौ से 19 मई, चतुर्थ सेमेस्टर नौ से 19 मई, सांख्यिकी प्रथम सेमेस्टर 23 मई से दा जून, चतुर्थ सेमेस्टर 24 मई से तीन जून, भूगोल प्रथम सेमेस्टर नौ से 24 मई, चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 10 से 28 मई तक होगी। बायोटेक्नोलॉजी प्रथम सेमेस्टर दो से नौ मई, कंप्यूटर साइंस चतुर्थ सेमेस्टर पांच से 11 मई, बायोकेमेस्ट्री प्रथम सेमेस्टर चार से 13 मई, चतुर्थ सेमेस्टर पांच से 10 मई, बायोइंफॉर्मेटिक्स प्रथम सेमेस्टर पांच से 11 मई, चतुर्थ सेमेस्टर 13 मई, मैटेरियल साइंस प्राथम सेमेस्टर छह से 14 मई, चतुर्थ सेमेस्टर सात से नौ मई और कॉग्नेटिव साइंस चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा चार से 24 मई तक होगी।

# कौड़िहार के दर्जनभर से अधिक अमान्य विद्यालयों को नोटिस



कौड़िहार ब्लाक क्षेत्र में संचालित प्राइवेट विद्यालय की जांच करने पहुंचे बीईओ ओपी मिश्रा।



कौड़िहार ब्लाक में संचालित प्राइवेट स्कूल को नोटिस देते बीईओ ओम प्रकाश मिश्रा।

अखंड भारत संदेश

## कौड़िहार खंड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने प्राइवेट स्कूलों की किया जांच

## अवैध रूप से संचालित लगभग डेढ़ दर्जन विद्यालयों को नोटिस देकर मांगा जवाब

## गैर कानूनी तौर पर संचालित पाए गए विद्यालयों को एक लाख ? तक का हो सकता है जुर्माना

**लालगोपालगंज।** गैर कानूनी तौर पर संचालित हो रहे निजी और प्राइवेट स्कूलों की अब खैर नहीं है। शिक्षा की आड़ में धन उगाही करने वालों के खिलाफ बेसिक शिक्षा विभाग अब सक्रिय हो गया है। कौड़िहार बीईओ की जांच के दौरान लगभग डेढ़ दर्जन अमान्य पाए गए विद्यालयों को नोटिस दी गई है और यार ब्लॉक में चल रहे निजी और प्राइवेट स्कूलों के जांच का अभियान चलाया गया है। ब्लॉक के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों की जमीनी हकीकत पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में एबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुबरा जगदीशपुर, आरएन पब्लिक स्कूल पारसपुर भगदेवरा, सेकेंडरी स्कूल मेंडारा, माता बदल जेएचएस पूरे घासी, स्वामी राम हर्ष यूपीएस पारसपुर भगदेवरा, रामा शिक्षण संस्थान भीटी आनापुर, एसपी पब्लिक स्कूल मूसेपुर, के एस मेमोरियल दासापुर, सत्यम शिवम शुभम इंटर कॉलेज टिकरी, प्रांजल पब्लिक स्कूल कसारी, श्री महादेव यूपीएस मोहम्मदपुर हथिगहां, श्याम विद्या मंदिर खिजिरपुर रसूलपुर चांदी, आलिम मेमोरियल जेएचएस डांड़ी रसूलपुर चांदी, रामसूरत राजकली लखरैया रसूलपुर चांदी, बी एस इंटर कॉलेज पबनाह अटरामपुर (एक से पांच तक अमान्य) जीडीपीएस रामपुर हथिगहां विद्यालय की जांच की गई। जो अमान्य पाए गए। विद्यालय को नोटिस देते हुए कौड़िहार खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। यदि सामान्य विद्यालय खुले पाए गए तो उनके विरुद्ध एक लाख ? का जुमार्ना हो सकता है। या फिर उनके विरुद्ध शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा सकती है।

# कार अप्पे की टक्कर में अप्पे सवार महिला की मौत

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर भोपतपुर गांव के सामने शुक्रवार की सायं काल लगभग पांच बजे अप्पे व कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे अप्पे सवार एक महिला की मौत हो गई तथा छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। मौके पर पहुंची पीआरबी तथा थरवई पुलिस जांच पड़ताल कर की।

थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव के सामने शुक्रवार की सायं काल लगभग पांच बजे फूलपुर थाना क्षेत्र के आटा गांव निवासी भाजपा नेता संतलाल बिन्द का पूरा परिवार मांगलिक कार्य के लिए अपनी ससुराल मकूनपुर होलागढ़ अप्पे बुक करके जा रहे थे। जैसे ही वह भोपतपुर गांव के सामने पहुंचा सामने से कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे अप्पे पर सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक ने कार छोड़कर फरार हो गया। आनन-फानन में पहुंचे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को उपचार हेतु पास के लिए अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं गंभीर रूप से घायल सोनकली 60 वर्ष पत्नी संतलाल को लोगों ने तत्काल इलाज के लिए प्रयागराज ले गए। परंतु सोनकली की सांसे रास्ते में ही थम गई। लोग सोनकली को लेकर उनके घर आटा गांव चले गए। वहीं घायलों में चालक राममिलन, सरिता देवी ,संतलाल, अभिषेक 8 वर्ष, साक्षी 6 वर्ष, प्रियांशु आठ माह का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। मौके पर पहुंची थरवई पुलिस जांच पड़ताल कर मृतक सोनकली के घर पहुंचकर कानूनी कार्यवाही करते हुए लाश का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस प्रयागराज भेज दिया।

## सूचना

मेरा नाम कुछ अभिलेखों में चंदन सिंह पुत्र गुलाब सिंह अंकित है।तथा कुछ अभिलेखों में संदीप कुमार सिंह पुत्र गुलाब सिंह अंकित हो गया है।जबकि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। आगे मेरा नाम चंदन सिंह पुत्र गुलाब सिंह ही माना जाए।

**चंदन सिंह पुत्र गुलाब सिंह**
**ग्राम - तालापार**
**शंकरगढ़, बारा, प्रयागराज**

# अकीदत के साथ अदा की गयी अलविदा की नमाज

## अजान होते ही भागते नजर आये रोजेदार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रमजान मुबारक महीने के आखिरी जुमा (अलविदा) को रोजेदारों ने अकीदत के साथ जुमा की नमाज अता की। इस अवसर पर जिले की सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे मस्जिदें ठसाठस भरी रहीं। कहीं-कहीं तो नमाजियों ने जगह कम पड़ने के कारण मस्जिद के बाहर जानमाज बिछाकर नमाज अता की। इस दौरान बच्चे, जवान व बूढ़े सभी जुमे की अजान के बाद सिर पर टोपी लगाये व कुर्ता-पायजामा पहन मस्जिद की ओर भागे नजर आ रहे थे।

यूं तो हर मुसलमान अमूमन जुमे की नमाज अता करने में कोई कोताही नहीं करता लेकिन जो कुछ लोग किसी मजबूरी के तहत जुमे की नमाज अता नहीं कर पाते वे रमजान के मुबारक महीने में पड़ने वाले जुमे की नमाज को जाया नहीं जाने देते। अजान के बाद हर मुसलमान मस्जिद में दाखिल होने के बाद सुन्नत पढ़ता है उसके बाद पेशइमाम खुतबा पढ़ते हैं और फिर फर्ज नमाज पढ़ी जाती है। नगर के बेगम वार्ड, बलीपुर, भैरोपुर, आजाद नगर, सदर बाजार, पुलिस लाइन, भुलियापुर, भगवा चुंगी, चैक जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गयी। जेल रोड स्थित जामा मस्जिद के पेश इमाम ने जुमे की तकरीर में कहा कि रमजान अल्लाह तआला का महीना है।

उन्होंने कहा कि शाबान के महीने में ही कुरान पाक नाजिल हुआ। उन्होंने कहा कि पैगम्बर साहब ने फरमाया कि अल्लाह तआला फरमाता है कि इस माह में अमल बढ़ा दिया जाता है। एक नेकी की दस नेकियां लिखी जाती है। पेश इमाम ने फरमाया कि इस माह की कद्र न करना गुनाह का जरिया है। इस महीने की तमाम खूबियों, रहमतों को हासिल करने के लिए मुसलमानों को हर लम्हे एहतियात करना चाहिये। नेक अमल करते हुये बुरे कामों से बचना चाहिये। नमाज के बाद नमाजियों ने मस्जिद के बाहर बैठे गरीबों के बीच जकात अदा किया।



जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते रोजेदार।

## अलविदा की नमाज पर मस्जिदों मे जुटे अकीदतमंद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रमजान को लेकर इलाके भर मे अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल मे अता हुई। अकीदतमंदो ने दोपहर मस्जिदों मे पहुंचकर परवर दिगार आलम से सकून व खुशी के लिए दुआ पेश की। वहीं एसडीएम अरूण कुमार सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने इलाके भर मे दौरा कर अलविदा की नमाज को लेकर शांति व्यवस्था के प्रबन्धों की देखरेख करते नजर आये। मस्जिदों के समीप एहतियातन पुलिस फोर्स को भी तैनात देखा गया। इलाके के नगर पंचायत की बाजार की मस्जिद में भी बड़ी तादात में अकीदतमंद जुटे और अलविदा की नमाज में शामिल हुये।

वहीं खानापट्टी, तकिया, खालसा सादात, डीह मेंहदी, सगरा सुंदरपुर, हण्डौर, तिलौरी, बरिस्ता, तेजगढ़, रानीगंज कैथौला, अठेहा, कुम्भीआइमा, मसनी, पिंजरी, शुकुलपुर, दीवानगंज, सलेम भदारी, ढ़िगवस, जलेशरगंज, मे भी लोगों को जुमां की नमाज में उत्साह के साथ शामिल होते देखा गया। लालगंज में प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल, सांगीपुर में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह तथा उदयपुर मे एसओ एहसानुलहक को फोर्स के साथ थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए मुस्तैद देखा गया। स्थानीय नगर पंचायत इलाके मे नगर पंचायत की कार्यदायी संस्था द्वारा अलविदा की नमाज को लेकर सुबह से ही साफ सफाई के बंदोबस्त भी होते दिखे। ईओ सुभाषचंद्र सिंह व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने साफ सफाई के अभियान की संयुक्त रूप से देखरेख मे जुटे भी नजर आये। अलविदा की नमाज सकुशल होने से प्रशासनिक अमले मे भी सकून का माहौल दिखा।

# पाक्सो एक्ट के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

## 37 हजार का लगा अर्थदण्ड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बाल अपचारी थाना सांगीपुर को अपहरण, छेड़खानी व पाक्सो एक्ट में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 37 हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थदंड की कुल राशि अंकन 37 हजार रुपया पीड़िता को उसके चिकित्सीय एवं मानसिक आधार की पूर्ति एवं उसके पुर्नवास हेतु प्रदत्त किया जायेगा। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने किया।

वादी मुकदमा ने थानाध्यक्ष सांगीपुर के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि मैं परदेश में रहकर मजदूरी करता हूं मेरे पड़ोस में रमेश पुत्र जगरुप रहते हैं। उनके यहां उनका साला बाल अपचारी आता जाता है।मेरी बहन से रमेश व उनकी पत्नी उसे बुला कर बातचीत करती थी तथा उसके यहां आए बाल अपचारी भी मेरी बहन से हंसी मजाक करता था।इसी बीच मेरी बहन को बाल अपचारी शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ जबरन बलात्कार किया और उसको मारा पीटा। इस मुकदमे के अन्य आरोपी गण रमेश वर्मा, अयोध्या, विंदेश्वरी व कंचन को न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

# चार बच्चों की मौत पर सपा प्रतिनिधिमण्डल ने ली जानकारी



पल्टन बाजार में मुस्तफा चम्पा सुर्ती के घर पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमण्डल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिले में आया। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल पल्टन बाजार में गया और वहां पर चार बच्चों की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत पर ढांढस बंधाया।

बता दें कि अभी हाल ही में 4 बच्चों के एक्सीडेंट से मौत हो जाने के कारण मुस्तफा चंपा सुरती के घर व नदी में डूबने से मोहम्मद सलीम पुत्र , श्री मोहम्मद शब्बीर जावेद पुत्र मोहम्मद मुस्तकीम की मौत तथा राजकुमार गौड़ उर्फ पिंटू पुत्र हरीराम ग्राम मिजार्पुर ब्लाक पट्टी बिजली से जलकर जिंदगी और मौत से जूझ रहे एवं गैस सिलेंडर फटने से 3 लोगों की मौत की जानकारी एवं पीड़ित परिवार से मिलने हेतु ग्राम चालाकपुर कुमीर्यान विधानसभा रानीगंज ग्राम जगदीशपुर विधानसभा पट्टी ग्राम मिजार्पुर विधानसभा क्षेत्र पट्टी तथा कोहढौर बाजार जनपद प्रतापगढ़ प्रतिनिधि मंडल के सदस्य मोहम्मद ताहिर खान विधायक समाजवादी पार्टी इसौली सुल्तानपुर, राम सिंह पटेल विधायक पट्टी, आरके वर्मा विधायक रानीगंज, शाद अली नागेंद्र यादव मुन्ना, छविनाथ यादव, अब्दुल कादिर जिलानी, लखनऊ कार्यालय से नियुक्त किए गए और रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे इस मौके पर इरशाद सिद्दीकी, आशुतोष पांडे ,हरीश शुक्ला ,समीम खान, मुस्तफा खान, मनीष पाल, निसार अहमद, रमेश पाठक, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# खुंडौर में समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने डीआरएम को घेरा

## साइडिंग का विरोध और अंडरपास की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, प्रतापगढ़ में लाबी में मिली खामियां, लटकी तलवार



प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को खुंडौर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दी जाने वाली बुनियादी सुविधाओं को टटोलने के लिए आए डीआरएम लखनऊ मंडल एसके सपरा का वहां के ग्रामीणों और मुसाफिरों ने घेराव किया। उनकी मांग थी कि सीमेंट की साइडिंग बनने से प्रदूषण फैल रहा है। जिसका दुष्प्रभाव वहां के निवासियों की सेहत पर पड़ रहा है। लोग बीमार हो रहें हैं। मकूनपुर गांव में अंडरपास बनाने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया। डीआरएम ने उन्हें समस्या के निदान का भरोसा दिया है। प्रतापगढ़ में पहुंचे डीआरएम को लाबी में तमाम खामियां मिली। नए फुट ओवर ब्रिज में दिव्यांग, बुजुर्ग, महिला यात्रियों की अनदेखी किए जाने का भी मामला गरमाया।

दृष्टि यान से निरीक्षण पर निकले डीआरएम जब खुंडौर स्टेशन पहुंचें तो ग्रामीणों का उनका ध्यान वहां पर बनाई गई साइडिंग की तरफ आकृष्ट कराया। उनका आरोप है कि यहां पर आने उतरने चीजें जैसे कंक्रीट, गिट्टी, कोयला इत्यादि से प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। नहर वाला गेट बंद हो जाने से नरहरपुर और मकुनपुर समेट दर्जन भर से अधिक गांव का रास्ता बंद हो गया। इसके लिए ग्रामीणों ने अंडर पास बनाने की मांग अरसे से करते चले आ रहे हैं। डीआरएम सपरा को भी उन्होंने अंडर पास के लिए ज्ञापन दिया है। स्टेशन पर बिजली, पानी और पुल की समस्या डीआरएम को देखने को मिली।

## दिव्यांगों के लिए प्रतापगढ़ में बनेगी लिफ्टः डीआरएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सरकारें आई गई, ट्रेन मुसाफिरों के लिए वायदे भी किए गए। खासकर दिव्यांग बुजुर्ग और महिलाओं को प्लेटफार्म पर जाने की सुविधा का लेकिन वह भी पूरा नहीं हुआ। नया पुल ने भी उन्हें निराश किया है। एक्सलेटर तो लग नहीं सका। अब डीआरएम एस के सपरा प्रतापगढ़ में लिफ्ट लगाने की बात कहकर एक बार फिर से यहां के लोगों का दिल बहला गए। लाबी का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा कि प्लेटफार्म पर लिफ्ट और रैम्प दोनो की सुविधा रहेगी। पूर्व सांसद हरिवंश सिंह ने यहां के दिव्यांग मुसाफिरों के लिए एक्सलेटर मंजूर कराया था। वह कहां गया। इस सवाल पर डीआरएम कन्नी काट गए। उन्होंने 81 नम्बर गेट पर बनने वाले फ्लाई ओवर ब्रिज के शीघ्र निर्माण का भरोसा दिलाया। सीनियर डीएसएम थ्रेट राहुल ने शुलभ शौचालय चालू कराने का निर्देश दिया है। इस दौरान प्रभारी एसएस शमीम, सीएमआई ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव, सीआईटी राकेश सिंह, इंस्पेक्टर आरपीएफ सीपी सिंह, एसओ पप्पू यादव, सुपरवाइजर भरत यादव समेत कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेतहाशा मंहगाई से आम आदमी की तकलीफ से बेखबर है बीजेपी सरकारः प्रमोद तिवारी

## सीडब्ल्यूसी मेंबर ने कैम्प कार्यालय पर की जनसुनवाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें कार्यकताओं से कहा कि वह क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के विकास से जुडे. अभियान को मजबूत बनाने मे पूरी जिम्मेदारी से जनता के बीच बने रहे।

वहीं श्री तिवारी ने कहा विद्युत कटौती के चलते आम आदमी इस समय बेहद तकलीफ से गुजर रहा है। प्रचण्ड गर्मी का हवाला देते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि सबसे बुरा हाल गांव का है जहां लोगों का सही मायने में पैतालिस डिग्री तक के तापमान के बावजूद बिजली नही मिल पा रही है। उन्होने कहा कि अधाधुंध विद्युत कटौती के बावजूद सूबे की बीजेपी सरकार नींद से बाहर आंख नही खोल पा रही है। श्री तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर भी पेट्रोल तथा डीजल के दामों मे बढोत्तरी को काबू में न पाने की विफलता पर तंज कसते हुए कहा कि लोग जहां बिजली संकट से परेशान है वहीं मोदी सरकार पेट्रोल तथा डीजल के दामों मे भी बेतहाशा बढ़ोत्तरी के चलते जनता के प्रति जिम्मेदारियों से बेपरवाह है।

श्री तिवारी ने क्षेत्र के रेहुआ लालगंज, कुम्भापुर, अमांवा में भी लोगों की समस्याएं सुनीं। धधुआ गाजन मोड़ पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र की अगुवाई मे प्रमोद तिवारी का कार्यकताओं ने स्वागत भी किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, आशीष उपाध्याय, छोटे लाल सरोज, झुन्ना तिवारी, पप्पू तिवारी, महेन्द्र सिंह, मुरलीधर तिवारी, त्रिभु तिवारी, सुधाकर पाण्डेय आदि रहे।



कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करते सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ।

## फीडरों में बिजली की दिन रात कटौती से आक्रोश

**परियावां, प्रतापगढ़।** इन दिनों भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों के चलते लोगों को जीना मुहाल हो गया है रह रहकर बिजली आना और चला जाना आम बात हो गयी है जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्ग लोग बिना बिजली के ब्याकुल हो रहे हैं। दिन रात मिलाकर ग्रामीण क्षेत्रो में दस से बारह घण्टे की बिजली मिल रही है कालाकांकर उपकेंद्र से जुड़े फीडर आलापुर कालाकांकर व बाजिदपुर में रात भर बिजली गायब रही जो शुक्रवार की सुबह सवा पांच बजे आई जो 10 बजे चली गई फिर दोपहर साढ़े बारह बजे आयी जो तीन बजे फिर चली गई जो फिर साढ़े चार बजे आ गई। यही हाल अन्य फीडरों का है। संग्रामगढ़ फीडर से जुड़े जनवामऊ फीडर का सबसे बुरा हाल है यहां लोगो को बिजली सही समय से नही मिल पा रही है। कुंडा पावर हाउस से मिलने वाली बिजली का कोई रोस्टर नही है। कब बिजली आ जाये कब चली जाए कोई समय निर्धारित नही है।

# दुपट्टे से फांसी लगाकर किशोरी ने की आत्महत्या, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार की रात अज्ञात कारणों से किशोरी ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर शव का पंचनामा कर उसे शुक्रवार को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कोठार मंगोलपुर निवासी ओमप्रकाश वर्मा की पुत्री प्रीती वर्मा (17) ने गुरूवार की रात कमरा बंद कर दुपटटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतका की मां बच्चे का इलाज कराने के लिए बाहर गयी हुई थी।

छोटी बहन घर मे खाना बना रही थी। काफी देर तक जब प्रीती घर मे नजर नही आयी तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। कमरे मे दुपटटे से मृतका का शव लटकता देख परिजन चीख पड़े। रोने बिलखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए और किशोरी का शव फंदे से नीचे उतरा गया। घटना को लेकर मृतका की मां उर्मिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए प्रीती के मानसिक रोगी होने की बात कही है। उधर प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। रिपोर्ट मिलने के बाद ही घटना को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चार नाजायज देशी बम के साथ गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कड़े तेवर को देखते हुए कुंडा कोतवाली उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार तिवारी अपने हम राही के साथ क्षेत्र चेकिंग व वांछित अभियुक्तों की धर पकड़ के दौरान मुखबिर की खास सूचना पर कोतवाली कुंडा के बसवाही गांव निवासी वांछित अभियुक्त मो0 इश्तियाक अहमद पुत्र मो0 यूसुफ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार अदद नाजायज देशी बम बरामद किया और अभियुक्त के खिलाफ मु0 अ0 स0 145/2000 धारा 4/5 वि0 प0 अधि0 का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा।

## गोवंश के साथ निर्ममता का आरोप, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के हंडौर निवासी त्रिलोचन प्रसाद तिवारी पुत्र गंगा प्रसाद तिवारी ने एक आरोपी पर गोवंश की निर्ममता पूर्वक पिटाई का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि इक्कीस अप्रैल को गांव के एक आरोपी ने उसकी गाय को बेरहमी से पीट कर चुटहिल कर दिया। सूचना पर हंडेज्ड नंबर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपी से पूछताछ कर वापस चली गयी। पीड़ित ने गोवंश के साथ ज्यादती को लेकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

## उधारी न देने पर दुकानदार की पिटाई पर आरोपियों के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुकान पर विक्रेता द्वारा उधारी न देने पर आरोपियों द्वारा जमकर बवाल किया गया। दुकान मे रखे खाने पीने के सामान भी आरोपियो ने फेंकते हुए पीड़ित को मारापीटा। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर केस दर्ज किया है।

कोतवाली के सगरा सुंदरपुर बाजार में धीरज वर्मा पुत्र रामभवन ने फास्ट फूड की दुकान खोल रखी है। अटठाईस अप्रैल को शाम चार बजे इटौरी के अयान पुत्र मुंशी तथा इनके साथ राजा व गोल्डी तथा आकाश व्यवसाई की दुकान पर आये। आरोपियो ने उधारी सामान मांगा तो पीड़ित ने मना कर दिया। इससे गुस्साये आरोपियो ने उसे मां बहन की गाली देते हुए दुकान पर रखे सामान फेंक दिया। व्यापारी ने विरोध किया तो आरोपियो ने उसे जमकर मारापीटा। घटना देख आस पास के व्यापारी दौडे तो आरोपी पीड़ित को जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं बाजार मे घटी मारपीट की घटना को लेकर व्यापारियों ने शुक्रवार को पुलिस अफसरों से मिलकर आक्रोश भी जताया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो को हिरासत मे लेकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# खराब पड़े शहर के हैंडपंप व वाटर कूलर बनवाने की उठी मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल की बैठक में मुख्य रूप से शहर में लगे हैंडपंप व वाटर कूलर बनवाने की मांग क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने जिलाधिकारी से मांग की है। जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से इस भीषण गर्मी से निजात दिलाने का अनुरोध किया है की अप्रैल माह के अंतिम चरण में गर्मी अपने रौद्र रूप में है मगर शहर में लगे हैंडपंप जर्जर व बदहाल होने के कारण लोगों की प्यास बुझाने में अक्षम है व सूखे पड़े हैं इससे नगर व नगर में आने वाले मुसाफिरों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है ।श्रीमान जी नगर में लगे वाटर एटीएम भी बंद पड़े हैं जिससे समस्या और भी हो गई है लोग प्यास बुझाने के लिए दुकानों से खरीद कर बोतल का पानी पीने को मजबूर हैं। क्लब अपनी तरफ से मिट्टी के घड़े व पक्षियों के लिए कटोरी का वितरण कर रहा है अगर नगर में लगे हैंडपंपों और वाटर एटीएम का संचालन हो जाए तो इससे जनमानस को और भी सुविधा मिलेगी। क्लब ने नगर में लगे हैंडपंप व वाटर एटीएम का संचालन अविलंब कराने की कृपा करें।

## एसडीएम व तहसीलदार ने गेहूं क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुकवार को एसडीएम व तहसीलदार ने अलग-अलग सरकारी गेहूं की खरीद को लेकर क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अफसरो ने लक्ष्य के सापेक्ष कम खरीद पर मातहतों को फटकार लगायी। स्थानीय तहसील क्षेत्र स्थित संचालित लालगंज के खानापट्टी गेहूं क्रय केन्द्र पर एसडीएम अरूण सिहं ने औचक निरीक्षण किया।

यहां खरीद मे कमी देखकर जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। एसडीएम ने क्रय केंद्र पर गर्मी को देखते हुए केंद्र प्रभारी से किसानों के लिये पेयजल के विशेष प्रबन्ध के निर्देश भी दिये। वहीं तहसीलदार जावेद अंसारी ने सांगीपुर ब्लाक के नवहाजया मे संचालित गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां भी तहसीलदार को गेहूं की खरीद कम नजर आयी। इस पर उन्होंने केन्द्र प्रभारी को जरूरतमंद किसानों से संपर्क कर लक्ष्य पूरा किये जाने के कडे. निर्देश दिये।

## नवाबगंज थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशानुसार क्षेत्र में कानून ब्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए रमजान व ईद त्योहार को मद्देनजर रखते हुए नवाबगंज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने अपने सहयोगी उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह व बलवंत सिंह के साथ क्षेत्र के सम्मानित ग्राम प्रधानों बीडीसी व वरिष्ठ सभ्रांत नागरिकों के साथ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की जिसमे उपस्थिति लोगो से क्षेत्र की कानून ब्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील किया और गांव में किसी प्रकार की कोई भी समस्या के बारे में लोगो से जानकारी लिया। गांव में अपराधी दबंग किस्म के लोगो के बारे में जानकारी लिया और कहा कि यदि कोई ऐसा व्यक्ति हो तो बताये आपका नाम गुप्त रखा जाएगा डरने वाली कोई बात नही है पुलिस आपके साथ कदम कदम पर खड़ी रहेगी। इस मौके पर डॉ सतपाल वर्मा, सुरेश यादव, संजय त्रिपाठी, मनीष तिवारी, शरद लाला, अनिल मौर्या, सियाराम मौर्या, वसीम अहमद, डब्बू सरोज, सोम सोनी, आदि लोग मौजूद रहे।

## स्कार्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर गुरुवार की देर शाम लगभग सात बजे स्कार्पियो व बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। नवाबगंज थाना क्षेत्र के हरदेवनगर में गुरुवार की शाम लगभग सात बजे बाइक सवार तीन युवक रंजीत ,रोहित व पंकज निवासी निहालीपुर रतापुर कंदरावा ऊँचाहार बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे कि सामने से आ रही स्कार्पियो गाड़ी के चालक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार तीनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर स्कार्पियो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। सूचना पर पहुची नवाबगज पुलिस घायलो को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गई। जहॉ से चिकित्सको की टीम ने जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया चिकित्सक संदीप ने बताया कि घायल रंजीत के पसली में फैक्चर हो गया है तथा रोहित बेहोशी हालत में था। पंकज के दोनों हाथ व दोनों पैर टूट गए है जिसका बच पाना मुश्किल है सभी जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया गया है। उपचार के दौरान जिला अस्पताल रायबरेली में पंकज की मौत हो जाने की खबर मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### तड़पते रहते हैं मरीज नहीं आते चिकित्सक

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा की स्थिति बेहद खराब है सरकारी अस्पताल में कई चिकित्सकों की तैनाती होने के बावजूद अस्पताल में चिकित्सक मौजूद नहीं रहते हैं वार्ड ब्याय के सहारे यह अस्पताल संचालित हो रहा है जिससे अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का सही ढंग से इलाज नहीं हो पाता और मरीज दर्द के मारे तड़पते रहते हैं बताया जाता है कि अस्पताल के चिकित्सकों का प्रयागराज में निजी नर्सिंग होम संचालित हो रहा है जिससे वह पूरे दिन निजी नर्सिंग होम में व्यस्त रहते हैं इस बात की जानकारी सीएमओ कार्यालय तक है जिससे शिकायत के बाद अस्पताल से गैरहाजिर रहने वाले चिकित्सकों का बाल बांका नहीं हो पाता है कई बार मरीजों ने शासन प्रशासन को पत्र देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग की लेकिन लापरवाह चिकित्सकों की स्थिति में सुधार नहीं हो सका। आखिर इस तरह के अस्पतालों का संचालन का क्या औचित्य है जिस अस्पताल में मरीजों को इलाज ना मिल सके घर बैठकर चिकित्सक वेतन के नाम पर सरकारी खजाने को लूटने में लगे रहे बेतन के नाम पर सरकारी खजाना लूटने वाले चिकित्सकों को बर्खास्त कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग क्षेत्र की जनता ने की है।

# अकीदत से अदा हुई अलविदा की नमाज



अलविदा की अदा करते नमाज

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी। माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार को जामा मस्जिद और अन्य इबादतगाहों में अकीदत के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। खुदा की बारगाह में सजदे के साथ अकीदतमंदों ने देश की सलामती और अमन-चैन की दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद भी दी। बता दें कि माह-ए-रमजान के आखिरी जुमा को अलविदा की नमाज होने के बाद अब लोगों को ईद के चांद का इंतजार है। लोग ईद की तैयारियों में रमजान की शुरूआत से ही लगे हैं। उधर, अलविदा की नमाज के लिए जिले में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी पूरे जिले में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई मुस्लिम आबादी वाले गाँव में सुबह से ही अलविदा जुमा की तैयारी शुरू हो गई मस्जिद को आकर्षक ढंग से सजाया गया था दोपहर को गाँव के लोगो ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की। और नए कुर्ता पायजामा पहनकर छोटे छोटे बच्चे भी जुमा अलविदा की नमाज में शामिल हुए। और नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम और नमाजियों ने मुल्क की सलामती, अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज पढ़कर मस्जिद से निकलने के बाद लोगों ने एक दूसरे से मिलकर मुबारकबाद भी दी।

## आखिरी जुमा, जानिए इस्लाम में क्यों है खास

**कौशाम्बी।** आज रमजान का आखिरी जुम्मा है , इस्लाम में ये दिन बेहद ही खास माना जाता है . ये दिन रमजान के जाने और नए महीने के शुरू होने का प्रतीक है।पूरे देश में आज आखिरी जुमा या अलविदा जुमा मनाया जा रहा है. आखिरी जुमा को लेकर बाजारों में रौनक दिखने वाली है. इस्लाम धर्म में रमजान के महीने में हर साल आखिरी जुमा या अलविदा जुमा मनाया जाता है. रमजान का ये दिन बेहद ही यह खास है. इस दिन नमाज और खुदा की इबादत का बहुत महत्तव है अलविदा जुमा या आखिरी जुमा रमजान के खत्म होने और नए महीने की शुरूआत होने का प्रतीक है. दुनिया भर के सभी मुसलमान इस दिन को बेहद ही खास मानते हैं. इस दिन को जुमा- तुल-विदा के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन सभी मुसलमान अल्लाह से प्रार्थना करते हैं और कुरान -पाक की इबादत करते हैं. इस दिन सभी मुसलमान गरीबों और जरूरतमंदो की मदद करते हैं रमजान का पवित्र महीना इस बार 3 अप्रैल को शुरू हुआ और ये 2 मई को खत्म हो रहा है. दुनिया भर के मुसलमान 3 मई को ईद-उल-फितर की नमाज अदा करेंगे. बता दें कि रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है, रमजान का त्योहार पूरे एक महीने चलता है.बता दें कि सप्ताह का हर शुक्रवार इस्लाम में बेहद ही खास माना गया है. इस दिन सभी मुसलमान नमाज अदा करते हैं. कुरान के चेप्टर नंबर 62 के नौवें सुरा (वर्स) में नमाज का जिक्र है।



अलविदा पर नमाज अदा करते लोग

## अलविदा जुमा की नमाज : अमन चैन की मांगी गई दुआ

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** सिराथू क्षेत्र के झंडापुर ननमई शहजादपुर सहित आसपास के गाँव में माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की गई। झंडापुर की मस्जिदों में अल्लाह की इबादत में रोजेदारों के सिर झुके और मुल्क की बेहतरी के लिए दुआ मांगी। अलविदा की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।झंडापुर के मुस्लिम आबादी वाले गाँव में सुबह से ही अलविदा जुमा की तैयारी शुरू हो गई। झंडापुर की जामा मस्जिद को आकर्षक ढंग से सजाया गया। दोपहर को गाँव के लोगो ने मस्जिदों में जाकर नमाज अदा की। और नए कुर्ता पायजामा पहनकर छोटे छोटे बच्चे भी जुमा अलविदा की नमाज में शामिल हुए। और नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम और नमाजियों ने मुल्क की सलामती, अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज पढ़कर मस्जिद से निकलने के बाद लोगों ने एक दूसरे से मिलकर मुबारकबाद भी दी। झंडापुर,ननमई,शहजादपुर में आखरी जुमा की नमाज अदा की गई पुलिस चौकी टेड़ी मोड़ शहजादपुर प्रभारी अपने पुलिस बल के साथ प्रत्येक जगह मुस्तैद रह कर भ्रमण करते रहे।

# डीएम ने फिर किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

### धूम्रपान करने वालों से जुर्माना वसूलने का दिया निर्देश



कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट का पुनः निरीक्षण कर कल उनके द्वारा कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया गया जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, कलेक्ट्रेट में हो रहे रंगाई पुताई के कार्यों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने नाजिर को कलेक्ट्रेट में विभिन्न स्थानों पर धूम्रपान निषेध एवं धूम्रपान करने वालों से जुमार्ना वसूले जाने विषयक पोस्टर लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि धूम्रपान करने वालों से जुमार्ना वसूला जाए उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर विद्युत वायरिंग नहीं है, उन सभी स्थानों पर वायरिंग शीघ्र कराया जाय। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मनरेगा से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण के लिए लोकपाल नियुक्त

**कौशाम्बी।** उपायुक्त श्रम रोजगार ने जनसामान्य को सूचित किया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना की शिकायतों के निस्तारण हेतु लोकपाल की नियुक्ति की गयी है लोकपाल का कार्यालय विकास भवन, मंझनपुर के कक्ष संख्या-10 में स्थित है। उन्होंने बताया है कि जनसामान्य मनरेगा योजना से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत कार्यालय समय में कार्यालय में कर सकते हैं अथवा कार्यालय कक्ष में रखें बॉक्स में डाल सकतें हैं।

### डीजल चोरी करते दो गिरफ्तार

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के इमामगंज मनोहरगंज रोड पर टैंकर से डीजल चोरी करते दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा था मामले में काफी देर तक सौदेबाजी चल रही थी जब सौदेबाजी नहीं सेट हुई तो पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया डीजल चोरी के आरोप में पकड़े गए आरोपियों में विजय सिंह औ? राज शामिल बताए जाते हैं जिनके विरुद्ध पुलिस ने लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया है।

## अपनी शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार युवक की मौत

**कौशाम्बी।** अपनी ही शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पंहुची पुलिस ने गंभीर अवस्था में घायल युवक को अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया। कौशांबी के झड़ियां का पुरवा निवासी मुरली सरोज मजदूरी करते हैं। उनके पांच बच्चों में सबसे बड़ा बेटा दिलीप, दूसरे नंबर पर मक्खन, तीसरे पर सोनू जो शादीशुदा हैं और चौथे नंबर का पुत्र मानव सरोज और छोटी बेटी गुड़िया हैं। इनमें गुड़िया और मानव की शादी की तैयारी चल रही थी। गुड़िया की शादी के लिए 2 मई को बारात आनी थी और दो मई को मानव सरोज का तिलकोत्सव भी था परिवार वालों को बेटी का तिलक लेकर बृहस्पतिवार को जाना था। उसका तिलकोत्सव दो मई को बहन की शादी वाले दिन दिन होना था लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। घर में हंसी खुशी का माहौल था। बुधवार शाम मानव अपनी और बहन की शादी का कार्ड बांटने गया था। घर में परिवार के लोग उसका इंतजार कर रहे थे। कार्ड बांटकर रात में लौटते समय सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली गांव के पास उसकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सुचना पर पुलिस और परिवार के लोग मानव को अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। अब खुशियों वाले घर में विलाप गूंज रहा है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नौवापुर निवासी सोनू पुत्र बड़े लाल और बलराम पुत्र सीताराम की ट्रक से दुर्घटना में मौत हो चुकी है। बाइक सवार तेलियर गंज में फर्नीचर का काम करते है गुरुवार की शाम 5:30 बजे घर वापसी के दौरान मंदर मोड़ के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया जिससे मौके पर दोनो की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया है। वही ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया। सोनू की शादी डेढ़ महीने पहले हुई थी।

## न्यूज झरोखा

### रसूलपुर बदले में तैनात सफाई कर्मचारी 6 महीने से गायब



**कौशांबी।** मूरतगंज ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा रसूलपुर बदले में तैनात सफाई कर्मचारी लगभग 6 महीने से नदारद है जिससे गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जगह-जगह कीचड़ युक्त नालियां ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रही हैं नालियों की बदबू से ग्रामीण हुए परेशान और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ा हुआ है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है ग्रामीणों से पूछने पर पता चला कि सफाई कर्मी 6 महीने से गांव में नहीं आया और जगह-जगह नालियां ओवरफ्लो होकर सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है।डीपीआरओ के निरीक्षण में सफाई कर्मी निलम्बित हो सकता है।

### घर के बाहर खड़ी सेना के हवलदार की बोलेरो चोरी




**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव निवासी आकाश चंद्र पुत्र ईस नारायण मिश्रा सेना में हवलदार हैं और वह देश की सुरक्षा में लगे हैं उनके जयंतीपुर घर के बाहर उनकी बोलेरो गाड़ी खड़ी थी 24 अप्रैल की रात उनकी बोलेरो गाड़ी चोरी हो गई है मामले की सूचना सराय अकिल पुलिस को दी गई है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद चोरी गई बोलेरो का पता पुलिस नहीं लगा सकी है सेना के हवलदार जब सराय अकिल पुलिस से मिले और बोलेरो खोजने की मांग की तो उनके साथ उल जलूल की बातें पुलिस करने लगी पुलिस का कहना है कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है इधर घुमाया और उधर बोलेरो दे दिया जब मिलेगी तो दे दिया जाएगा अभी जाकर घर बैठो पुलिस से इस तरह के व्यवहार की उम्मीद सेना के हवलदार को नहीं थी।

### खेत में बोई फसल को नष्ट कर रहे हैं दबंग



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में खेत में बोई फसल को ट्रैक्टर से जोतकर दबंग नष्ट कर रहे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है जानकारी के मुताबिक बासदेव यादव पुत्र स्व.दातादीन ग्राम बलीपुर टाटा की पत्नी चंद्रकली के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि खेत मे एक बीघा जमीन में लौकी, प्याज नेनुआ तरोई, कोहडा, करेला उर पांच बिस्सा मे बोई हुई है। जिस फसल की सुरक्षा के लिए खेत चारों तरफ कटीले तार से बाधा हुआ था 28 अप्रैल को जब किसान खेत की तरफ गया देखा तो बोई हुई फसल व सब्जी के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर-के दबंगो द्वारा नष्ट कर दिया गया है किसान ने उपरोक्त घटना की जानकारी किया तो पता चला कि अजय यादव पुत्र करन सिंह ग्राम-टीका का पूरा मजरा काजू, थाना-चरवा के ट्रैक्टर से धर्मराज उर्फ लल्लू यादव पुत्र स्व.भगौती बबलू व राजूल पुत्र धर्मराज यादव ग्राम-पूरे कलापत चरवा ने गुण्डई ब दबंगई के बल पर 10 अन्य साथियों के साथ मिलकर बोई हुई फसल को नष्ट करके कब्जा करना चाहते हैं डायल 112 को सूचना दिया गया डायल 112 मौके पर पहुंची तो सिपाहियों ने देखा कि खेत की जुताई हो रही है और बोई हुई फसल को नष्ट कर दिया है।

### नमाज पढ़ने आये विकलांग को पुलिस ने दिया सहारा



**कौशाम्बी।** मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिंदी हैं हम वतन है हिंदुस्तान हमारा यह कहावत ऐसे ही नहीं चरितार्थ हुई है इसकी बानगी भी कौशांबी में देखने को मिली है।बता दे की मंझनपुर कस्बे में अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने व्हील चेयर पर आये एक बुजुर्ग मस्जिद के रास्ते मे नाला बनाने के लिए सड़क खुदी होने की वजह से मस्जिद नही जा पा रहे थे। जिसको सुरक्षा में तैनात मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह वा एसपी स्टोनो भवानी सिंह ने व्हीलचेयर समेत उठाकर नाला पार कराया और मस्जिद तक छोड़ कर आये जिसको आम लोगों ने देखा तो पुलिस की सराहना किए बिना नहीं रह सके।

### पति से त्रस्त महिला ने की पुलिस से शिकायत

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र की एक महिला अपने पति से त्रस्त है आए दिन महिला के साथ गाली गलौज करना मारपीट करने की आदत बन गई है पति से पीड़ित महिला ने चरवा पुलिस को तहरीर देकर उस पर कार्यवाही की मांग की है जानकारी के मुताबिक कलावती पत्नी भैरव पासी ग्राम-मसनी, थाना- चरवा का पति आये दिन घर पर बच्चों व पत्नी को गाली गलौच करते हुझे मार-पीट किया करता रहता है और पति घर का किसी भी प्रकार का कोई काम नहीं करता है महिला अपने पति के इस आतंक से ऊब चुकी है। दिनांक 28 अप्रैल को महिला के साथ मार-पीट किया है शिकायती पत्र के मुताबिक महिला का कहना है कि वह बच्चों का पालन पोषण कैसे करें महिला का कहना है कि अगर किसी तरह से बच्चों को पालन पोषण करती है तो उसे भी पति नहीं करने देता है पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति पर कार्यवाही की मांग की है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 15 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 01 थाना कौशाम्बी से 01 थाना सराय अकिल से 08 थाना पिपरी से 01 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 02 थाना कड़ाधाम से 02 कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने की जिला बाल संरक्षण समिति टास्कफोर्स की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

### अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को रोके जाने हेतु विशेष ध्यान दिया जाय



बाल संरक्षण की बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष सीडीओ वा अन्य

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति सहित बाल कल्याण समिति एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु गठित जिला टास्कफोर्स तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना टास्कफोर्स की बैठक रत्नावली सभागार में संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष, जिला पंचायत द्वारा समस्त बाल संरक्षण हित धारकों को निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण हेतु वार्षिक कार्ययोजना का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या प्रत्येक माह जिला प्रोबेशन कार्यालय को उपलब्ध करायें बैठक में बाल कल्याण समिति के कार्या की समीक्षा के दौरान लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता एवं परामर्शदाता को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह जनपद प्रयागराज स्थित राजकीय बाल देख-रेख संस्थाओं में जनपद के आवासित बच्चों के मामलों में काउन्सिलिंग करते हुए शीघ्र उन्हें परिवार में पुर्नवासित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें अध्यक्ष जिला पंचायत ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) की समीक्षा के दौरान कहा कि जिला टॉस्कफोर्स द्वारा शीघ्र ही पात्र बच्चों का अनुमोदन कराते हुए लाभान्वित किया जाय बैठक में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को रोके जाने पर विशेष बल देते हुए समस्त हित धारकों को अक्षय तृतीया के अवसर पर समस्त मंदिरों, शादी घरों एवं विवाह स्थलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये, जिससे जनपद में कोई भी बाल विवाह न होने पाये। बैठक में कोरोना महामारी के दौरान माता-पिता दोनों या एकल माता-पिता को खोने वाले बच्चों की कैरियर गाइडेन्स काउन्सिलिंग मेला आयोजित करने के सुझाव पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने सहमति व्यक्त करते हुये मई माह में आयोजित कराने के निर्देश दिये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, अध्यक्ष सदस्य बाल कल्याण समिति सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल, जिला पंचायत राज अधिकारी बाल गोविन्द सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहें।

# सेन्ट जोसेफ स्कूल में जिला शतरंज चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

### जिला शतरंज चैंपियनशिप प्रतियोगिता के प्रथम दो खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में कौशांबी का करेंगे प्रतिनिधित्व



खिलाड़ियों के साथ खड़े प्रधानाचार्य

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज खेल संघ और सेन्ट जोसेफ स्कूल कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में आज 29 अप्रैल 2022 को आयु वर्ग 16 जिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन सेन्ट जोसेफ स्कूल काजीपुर कौशांबी में किया गया जिसके परिणाम निम्न हैं बालक वर्ग में पहला स्थान वंश पाण्डेय विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल दूसरा स्थान गौरव कुमार वर्मा सेन्ट जोसेफ स्कूल तीसरा स्थान सौर्य सिंह चौथा स्थान अनमोल सिंह पांचवें स्थान पर हिमांशु मिश्रा सरस्वती ज्ञान मंदिर छठा स्थान राधे कृष्णा त्रिपाठी विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल को मिला। बालिका वर्ग में पहला स्थान रितिका त्रिपाठी विष्णु भगवान पव्लिक स्कूल दूसरा स्थान सुहानी सिंह सेंट जोसेफ स्कूल तीसरा स्थान साक्षी सेंट जोसेफ स्कूल चौथा स्थान विष्णु प्रिया पटेल को मिला पुरस्कार वितरण समारोह में विघालय के प्रधानाचार्य फादर रेमंड् डिसूजा के द्वारा खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार वितरण समारोह में अमिता मिश्रा रितेश श्रीवास्तव आशीष प्रभात मौर्य सचिव राघवेन्द्र शुक्ल राम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे सचिव ने बताया कि इस मे 70 खिलाड़ी ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता के प्रथम दो खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में कौशांबी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर अभियान एक मई से 31 मई तक

**अखंड भारत संदेश**

### गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य पोषण की सही जानकारी स्वस्थ्य जच्चा बच्चा हेतु होंगी परामर्श सेवाएं

### आयरन , कैल्शियम , एलबेंडाजोल और फोलिक एसिड की गोली की उपलब्धता

**कौशाम्बी।** जनपद में गर्भावस्था एवं प्रसवोपरांत महिलाओं को बेहतर पोषण देने व जागरूकता के उद्देश्य से एक मई से 31 मई तक 'एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओरह्व अभियान चलेगा। अभियान के जरिए सप्लाई चेन को मजबूत करने के साथ हर लाभार्थी तक आयरन, कैल्शियम, एलबेंडाजोल और फोलिक एसिड की गोली की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के साथ इनके सेवन के लिए जागरूकता पैदा की जाएगी और पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र की निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिशा निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के सी राय ने बताया कि शासन से मिले दिशा निर्देश के तहत जनपद में अभियान एक मई से 31 मई तक चलाया जाएगा। जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों की ओपीडी, आईपीडी, मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक एवं वीएचएसएनडी सत्र के माध्यम से जन जागरूकता एवं आयरन फोलिक एसिड कैल्शियम ,एलबेंडाजोल एवं फोलिक एसिड की गोलियों का वितरण किया जाएगा` उन्होंने बताया अभियान का मकसद प्रत्येक गर्भवती व धात्री महिला तक आयरन,कैल्शियम एलबेंडाजोल व फोलिक एसिड की गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। गर्भवती महिलाओं में इन दवाओं के प्रति व्याप्त मिथकों व नकारात्मकता का निराकरण करते हुए जागरूकता पैदा करना भी एक बड़ा मकसद है` उन्होंने बताया अभियान लिये एएनएम ,स्टॉफ नर्स ,मैटरनल हेल्थ कंसलटेंट आशा व आंगनबाड़ी की सेवा ली जाएंगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डा. एस के झा ने बताया एएनएम की भूमिका उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती की शीघ्र पहचान और एएनसी के दौरान उनका सही इलाज सुनिश्चित करना, आशा की भूमिका गर्भवती तथा धात्री महिलाओं की ड्यू लिस्ट तैयार करना और शीघ्र-अति शीघ्र गर्भवती का प्रथम त्रैमास पंजीकरण कराना होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भूमिका ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवसों पर पोषण परामर्श करने के साथ-साथ वजन मशीन व स्टेडियोमीटर की आवश्यकता के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित करना होगा। जिला परामर्श दाता (मातृ स्वास्थ्य) आकाश दीप ने बताया अभियान से पूर्व समस्त इकाइयों पर लॉजिस्टिक एवं आवश्यक औषधि की आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करा ली जाएगी । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल क्रियावान हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षको का प्रशिक्षण एवं ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण भी दिया गया हैं ताकि समुदाय में अभियान के लाभाठी पात्र तक सुविधा अवश्य पहुंचे।

# पानी बिना यह कैसी है सुलभ शौचालय की सुविधा!




**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के कस्बा मेहता रोड पर बना सुलभ काम्प्लेक्स यात्रियों मजबूर लोगो के लिए सुविधा उपलब्ध कराकर लोगो की मुश्किलों को आसान करने का प्रयास किया गया है जो अधूरा रह गया इस सुलभ कांप्लेक्स में पानी की व्यवस्था नहीं है यह कैसा सुलभ कंपलेक्स है जिसमें पानी के बिना लोग सुविधा उठा सकेंगे जिम्मेदारों ने सुलभ कांप्लेक्स को मजाक बना दिया है सुलभ काम्प्लेक्स में जिसकी ड्यूटी लगाई गई है वह अधिकारियों के आंख में धूल झोंकने का काम कर रहा है। यहां यह बताना अहम है कि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भरवारी के गिरीश कुमार ने यात्रियों की तमाम परेशानियों को दूर करते हुए मेहता रोड में कर्मचारी सहित सुलभ कंप्लेस में चौबीस घंटे ड्यूटी पर लगा रखा है वही कल एक मुसाफिर बाहर से आया और पूछते हुए सुलभ कंप्लेस तक पहुच तो गया पहुचने के वह अंदर गया उसके बाद कि स्थिति क्या हुई होगी जब उसको शौच के लिए पानी नही मिला टंकी खाली पड़ी मिली कहने का मतलब यह है कि जिस कर्मचारी के ऊपर अधिशाषी अधिकारी ने विश्वास करके उसकी ड्यूटी लगाई तो उसने अपनी जिम्मेदारी की जगह भरोसे मंद व मजबूर यात्रियों के साथ धोखा कर बहुत ही गंदा कार्य किया ' ऐसे में उक्त यात्री से पूछने पर बताया कि ऐसे कर्मचारी के ऊपर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए जिससे अन्य किसी और यात्रियों के साथ दुबारा घिनौनी हरकत नही होनी चाहिए वही इस शर्मनाक कार्य के लिए उक्त स्थान पर तैनात कर्मचारी पर अधिशाषी अधिकारी का सोटा चलना वाजिब है देखते है अधिकारी क्या करते है छमा या सजा।

संपादकीय

# दादा साहेब फाल्के : भारतीय सिनेमा के जनक

30 अप्रैल 1870 को महाराष्ट्र में नासिक के निकट त्रयंबकेश्वर में जन्मे दादा साहेब फाल्के को भारतीय सिनेमा का जनक माना जाता है, जो केवल फिल्म निर्देशक ही नहीं बल्कि जाने-माने प्रोड्यूसर और स्क्रीन राइटर भी थे। नासिक के एक संस्कृत विद्वान के घर जन्मे धुन्धी राज गोविन्द फाल्के, जिन्हें बाद में दादा साहेब फाल्के के नाम से जाना गया, उनकी पहली फिल्म थी राजा हरिश्चन्द्र, जिसे भारत की पहली फुल लेंथ फीचर फिल्म का दर्जा हासिल है। उस दौर में फाल्के साहब की फिल्म राजा हरिश्चंद्र का बजट 15 हजार रुपये था। 3 मई 1913 को रिलीज हुई यह फिल्म भारतीय दर्शकों में बहुत लोकप्रिय हुई और उसकी सफलता के बाद से ही दादा साहेब फाल्के को भारतीय सिनेमा का जनक कहा जाने लगा। राजा हरिश्चन्द्र की जबरदस्त सफलता के बाद फाल्के साहेब का हौसला इतना बढ़ा कि उन्होंने अपने 19 वर्ष लंबे कैरियर में एक के बाद एक 100 से भी ज्यादा फिल्मों का निर्माण किया, जिनमें 95 फीचर फिल्में और 27 लघु फिल्में शामिल थीं। उनकी बनाई धार्मिक फिल्में तो दर्शकों द्वारा बेहद पसंद की गई। दादा साहेब की जिंदगी में वह दिन उनके कैरियर का टर्निंग प्वाइंट माना जाता है, जब उन्होंने द लाइफ ऑफ क्राइस्ट नामक एक मूक फिल्म देखी थी, जिसे देखने के बाद उनके मन में कई विचार आए। उसे देखने के पश्चात उन्होंने दो महीने तक शहर में प्रदर्शित सारी फिल्में देखी और तय किया कि वे फिल्में ही बनाएंगे। आखिरकार उन्होंने पत्नी से कुछ पैसे उधार लेकर पहली मूक फिल्म बनाई। दादा साहेब फाल्के अक्सर कहा करते थे कि फिल्में मनोरंजन का सबसे उत्तम माध्यम हैं, साथ ही ज्ञानवर्द्धन के लिए भी बेहतरीन माध्यम है। उनका मानना था कि मनोरंजन और ज्ञानवर्द्धन पर ही कोई भी फिल्म टिकी होती है। उनकी इसी सोच ने उन्हें एक ऊंचे दर्जे के फिल्मकार के रूप में स्थापित किया। उनकी फिल्में निर्माण व तकनीकी दृष्टि से बेहतरीन थी, जिसकी वजह यही थी कि फिल्मों की पटकथा, लेखन, चित्रांकन, कला निर्देशन, सम्पादन, प्रोसेसिंग, डवलपिंग, प्रिंटिंग इत्यादि सभी काम वे स्वयं देखते थे और कलाकारों की वेशभूषा का चयन भी अपने हिसाब से ही किया करते थे। फिल्म निर्माण के बाद फिल्मों के वितरण और प्रदर्शन की व्यवस्था भी वे स्वयं संभालते थे। उन्होंने अपनी कुछ फिल्मों में महिलाओं को भी कार्य करने का अवसर दिया। उनकी एक फिल्म भस्मासुर मोहिनी में दुर्गा और कमला नामक दो अभिनेत्रियों ने कार्य किया था। दादा साहेब की आखिरी मूक फिल्म सेतुबंधन थी और उन्होंने कोल्हापुर नरेश के आग्रह पर 1937 में अपनी पहली और अंतिम बोलती फिल्म गंगावतरण बनाई थी। दादा साहेब द्वारा बनाई गई फिल्मों में राजा हरिश्चंद्र, मोहिनी भस्मासुर, सत्यवान सावित्री, लंका दहन, श्रीकृष्ण जन्म, कालिया मर्दन, बुद्धदेव, बालाजी निम्बारकर, भक्त प्रहलाद, भक्त सुदामा, रूक्मिणी हरण, रुक्मांगदा मोहिनी, द्रौपदी वस्त्रहरण, हनुमान जन्म, नल दमयंती, भक्त दामाजी, परशुराम, श्रीकृष्ण शिष्टई, काचा देवयानी, चन्द्रहास, मालती माधव, मालविकाग्निमित्र, वसंत सेना, बोलती तपेली, संत मीराबाई, कबीर कमल, सेतु बंधन, गंगावतरण इत्यादि प्रमुख थी। 16 फरवरी 1944 को इस महान शख्सियत ने दुनिया को अलविदा कह दिया लेकिन उन्होंने भारतीय सिनेमा को शानदार फिल्मों की ऐसी सौगात सौंपी, जिसकी महत्ता आने वाली सदियों में भी कम नहीं होगी।

# राष्ट्रीय एकता के संगीत सूत्र

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

इस अल्पायु में उनके ऊपर अपनी, चार बहनें और एक भाई की जिम्मेदारी आ गई। लता भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। यह उनके विधिवत संगीत शिक्षा ग्रहण करने की अवस्था थी। लेकिन परिवार के भरण पोषण में यह संभव नहीं हो सका। संगीत के साथ उनके जीवन में संघर्ष भी आ गया था। एक फिल्म के समूह गायन में अवसर मिला था लेकिन संगीतकार ने कहा कि उनकी आवाज बहुत महीन है। यह आवाज फिल्मी गायन के उपयुक्त नहीं है

**भारत** रत्न लता मंगेशकर स्वर साम्राज्ञी के रूप में प्रतिष्ठित थी। यह बात अलग है कि वह अपने को संगीत की साधिका मानती थीं। समर्पित भाव से की गई साधना ने उन्हें संगीत जगत के विलक्षण मुकाम पर पहुंचाया। यह माना जा रहा था उनकी स्मृति में शुरू किया गया सम्मान संगीत क्षेत्र की किसी विभूति को दिया जाएगा। लेकिन लता दीनानाथ मंगेशकर सम्मान सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदान किया गया।

मतलब पहला लता दीनानाथ सम्मान समाज सेवा के लिए दिया गया। इस पर विचार करने के लिए एक पीढ़ी पीछे लौटना होगा। इस सम्मान में लता के साथ दीनानाथ का भी नाम जुड़ा है। पुरस्कार का यह नामकरण अपने में बहुत कुछ कहने वाला है। इसमें पुत्री लता और पिता दीनानाथ का नाम शामिल है। दीनानाथ मंगेशकर महान संगीतज्ञ थे। इसके साथ ही समाज व राष्ट्रीय कार्यों में भी उनकी रुचि रहती थी। महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर और सुधीर फड़के उनके पारिवारिक मित्र थे। सुधीर फड़के समाज सेवक के साथ ही संगीतकार भी थे। गीतरामायण, रामायण के प्रसंगों पर आधारित छप्पन मराठी गीतों का संग्रह है। यह आकाशवाणी पुणे से प्रसारित होने वाला बहुत लोकप्रिय कार्यक्रम था। इसके लेखक प्रसिद्ध साहित्यकार गजानन दिगंबर माडगूलकर थे।

जबकि सुधीर फड़के ने इसे संगीतबद्ध किया था। लता मंगेशकर को बचपन से ही संगीत के साथ राष्ट्र सेवा का माहौल मिला। लता मंगेशकर ने गोवा के स्वतंत्रता अभियान व चीन और पाकिस्तान के आक्रमण के समय सेनानियों के उत्साहवर्धन का उल्लेखनीय कार्य किया। वीर सावरकर के प्रति उनका बहुत सम्मान भाव था। दीनानाथ मंगेशकर की बलवंत संगीत मंडली के लिए वीर सावरक ने संन्यस्त खड्ग नामक नाटक लिखा था। भारत के स्वतन्त्र होने के सात वर्ष बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने गोवा की स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र क्रांति की योजना बनाई। इसमें बाबा साहब पुरंदरे, सुधीर फड़के, श्रीकृष्ण भिड़े आदि शामिल थे। इस अभियान में धन संग्रह हेतु लता ने निःशुल्क कार्यक्रम किये थे। चीन व पाकिस्तान युद्ध के समय भी उन्होंने ऐसे कार्यक्रम किये थे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद नरेन्द्र मोदी ने लता व दीनानाथ मंगेशकर के साथ वीर सावरकर और सुधीर फड़के का भी स्मरण किया। ब्रिटिश वायसराय के समक्ष शिमला में दीनानाथ मंगेशकर ने वीर सावरकर के देशभक्ति गीत को संगीत के साथ प्रस्तुत किया था। इसमें अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी गई थी। नरेंद्र मोदी ने वर्तमान कार्यों का भी उल्लेख किया। कहा कि देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। लताजी एक भारत, श्रेष्ठ भारत की मधुर प्रस्तुति की तरह थीं। उन्होंने देश की तीस से ज्यादा भाषाओं में हजारों गीत गाये।



महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर और सुधीर फड़के उनके पारिवारिक मित्र थे। सुधीर फड़के समाज सेवक के साथ ही संगीतकार भी थे। गीतरामायण, रामायण के प्रसंगों पर आधारित छप्पन मराठी गीतों का संग्रह है

आज आजादी के अमृत महोत्सव में देश अपने अतीत को याद कर रहा है। देश भविष्य के लिए नए संकल्प ले रहा है। भारत दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम में से एक है। आत्मनिर्भर भारत अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास चरितार्थ हो रहा है।

भारत दुनिया को योग और आयुर्वेद से लेकर पर्यावरण रक्षा जैसे विषयों पर दिशा दे रहा है। नरेंद्र मोदी और लता मंगेशकर को अलग-अलग क्षेत्रों में शीर्ष स्तर की प्रतिष्ठा व लोकप्रियता मिली। एक संयोग यह भी है कि दोनों को बचपन में कड़ा संघर्ष करना पड़ा। किंतु इन्होंने हार नहीं मानी। आगे बढ़ने का इनमें जज्बा था।

नरेंद्र मोदी बचपन में चाय बेचते थे। लता मंगेशकर को इसी तरह कम उम्र में परिवार की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। प्रारंभ में उनके लिए फिल्म संगीत में स्थान बनाना आसान नहीं था। तब उनके जीवन संगीत व संघर्ष दोनों एक साथ थे। वह संघर्ष से पीछे नहीं हटी। चलती रही। इसी गति से उनकी स्वर लहरी फिजाओं में गूंजने लगी।

भारतीय फिल्मों में संगीत पक्ष बेजोड़ रहा है। इस ओर सदैव बड़ी शिद्दत से ध्यान दिया जाता है। अनेक फिल्में गीत व संगीत के चलते सुपर हिट होती रही है। इनके गीत लोगों की जुबान पर रहते हैं। इस आधार पर लता मंगेशकर की बराबरी करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने जब गायन प्रारंभ किया उस समय सुरैया व नूरजहां का जलवा हुआ करता था। दोनों गायिका होने के साथ सुप्रसिद्ध नायिकाएं भी थी। लता के लिए अपना मुकाम बनाना कठिन था। फिर भी लता शिखर पर सुशोभित हुई। उनके गीतों में बेशुमार रंग है। कुछ आनंद को बढ़ाते हैं। कुछ उदास मन को सहारा देते हैं। भारतीय फिल्म संगीत ने लंबी यात्रा तय की है। इसमें सर्वाधिक योगदान लता मंगेशकर का रहा है। इस संगीत यात्रा के अनेक पड़ाव हैं। लता मंगेशकर ने अपने को प्रत्येक पड़ाव के लिए उपयुक्त व सामयिक प्रमाणित किया। गीतों की संरचना बोल व संगीत में बदलाव होते रहे। पीढ़ियों के अंतर से पसंद-नापसंद भी बदलती रही। लेकिन प्रत्येक दौर में लता मंगेशकर की प्रासंगिकता कायम रही। उनकी आवाज हमेशा दिल की गहराइयों तक उतरती रही। लता का जीवन केवल संगीत जगत के लिए ही नहीं, सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके परिवार में संगीत का माहौल था। पिता दीनानाथ मंगेशकर गायक थे। नन्हीं लता उनसे प्रेरणा लेती थी। उनसे सीखने का प्रयास करती थी। लेकिन यह संगत ज्यादा नहीं चल सकी। दीनानाथ मंगेशकर का आकस्मिक निधन हो गया। तब लता मात्र 13 वर्ष की थी।

इस अल्पायु में उनके ऊपर अपनी, चार बहनें और एक भाई की जिम्मेदारी आ गई। लता भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। यह उनके विधिवत संगीत शिक्षा ग्रहण करने की अवस्था थी। लेकिन परिवार के भरण पोषण में यह संभव नहीं हो सका। संगीत के साथ उनके जीवन में संघर्ष भी आ गया था। एक फिल्म के समूह गायन में अवसर मिला था लेकिन संगीतकार ने कहा कि उनकी आवाज बहुत महीन है। यह आवाज फिल्मी गायन के उपयुक्त नहीं है। वह लता की प्रतिभा को समझने में नाकाम थे। जिस आवाज को वह नकार रहे थे, आगे चलकर उसने कई दशकों तक लोगों के दिलों पर राज किया। जाहिर है कि आज उनके नहीं रहने के बाद भी यह स्वर जीवंत बना रहेगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अंधेरे से निकल कारोबारी दुनिया में आएं मुस्लिम युवा

आर.के. सिन्हा

**यकीन** मानिए, कभी-कभी अफसोस होता कि मुसलमानों को उनके रहनुमाओं ने हिजाब, बुर्का, उर्दू जैसे खतरे के वहम में फंसा कर रखा हुआ है। यह बात उत्तर भारत के मुसलमानों को लेकर विशेष रूप से कही जा सकती है। मुसलमानों के कथित नेता यही चाहते हैं कि इनकी कौम अंधकार के युग में ही बनी रहे। वहां से कभी निकले ही नहीं। इसलिए आज के दिन उत्तर भारत के मुसलमानों में जीवन में आगे बढ़ने को लेकर उस तरह का कोई जज्बा दिखाई नहीं देता जैसा हम गैर-हिन्दी भाषी राज्यों के मुसलमानों में देखते हैं। उत्तर भारत के मुसलमान अब भी सिर्फ नौकरी करने के बारे में सोचते हैं। जो कायदे से शिक्षित नहीं हैं, वे कारपेंटर, पेंटर, वेल्डर या मोटर मैकनिक बनकर खुश हो जाते हैं। शिक्षित मुसलमान अजीम प्रेमजी (विप्रो), हबील खुराकीवाला (वॉक फार्ड) या युसूफ हामिद (सिप्ला) बनने के संबंध में क्यों नहीं सोचते? यह सच में बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र, गुजरात, बैंगलुरू यानी कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना आदि का मुसलमान बिजनेस में भी अब लंबी छलांगें लगा रहा है। उसे सफलता भी मिल रही है। आप दिल्ली के इंडिया इस्लामिक सेंटर और मुंबई के इस्लाम जिमखाना के माहौल में जमीन-आसमान का अंतर देखेंगे। जहां इस्लामिक सेंटर में कव्वाली के नियमित कार्यक्रम होते हैं, वहीं इस्लाम जिमखाना के सदस्य बिजनेस की चर्चा में मशगूल मिलते हैं। दोनों की प्राथमिकताएं ही भिन्न हैं। इन दोनों के माहौल को देखकर ही पलक झपकते समझ आ जाता है कि देश के अलग-अलग भागों के मुसलमानों की सोच में कितना फर्क है। जहां विप्रो आईटी सेक्टर की कंपनी है, वहीं वॉककार्ड तथा सिप्ला फार्मा कंपनियां हैं। इन सबमें हजारों पेशेवर काम करते हैं और इनका सालाना मुनाफा भी हजारों करोड़ रुपए का है। आपको गैर-हिन्दी भाषी राज्यों में दर्जनों उत्साही मुस्लिम कारोबारी तथा आंत्रप्योनर मिल जाएंगे। पर आपको दिल्ली और उत्तर भारत में कोई बहुत बड़ी नामवर कंपनी नहीं मिलेगी, जिसका प्रबंधन मुसलमानों के पास हो। राजधानी दिल्ली में कुछ दशक पहले तक देहलवी परिवार शमां प्रकाशन चलाता था। इसकी शमां, सुषमा, बानो समेत बहुत-सी लोकप्रिय पत्रिकाएं होती थीं। फिल्मी पत्रकारिता में इनका एक मुकाम होता था। शमीम देहलवी के बाद कुछ सालों तक इन पत्रिकाओं को देहलवी परिवार की सदस्य सादिया देहलवी ने भी देखा। पर ये अपने को वक्त के साथ बदल नहीं सके। नतीजा ये हुआ कि शमां प्रकाशन बंद हो गया। अब राजधानी के कनॉट प्लेस में चल रहे मरीना होटल की बात कर लेते हैं। इसका स्वामित्व भी एक मुस्लिम परिवार के पास है। लेकिन इसके मालिकों ने इसे रेंट पर किसी अन्य कंपनी को दिया हुआ। यानी जिनका होटल है वे रेंट लेकर ही खुश हैं। जबकि किराएदार हर साल मोटा मुनाफा कमाता है। रू ह अफजा शर्बत बनाने वली कंपनी हमदर्द ने भी अपने को समय के साथ नहीं बदला। इनके दिल्ली के आसफ अली रोड के दफ्तर में जाकर लगता है कि ये आधुनिक बनने के लिए तैयार नहीं है। इसे बुलंदियों पर पहुंचाया था हकीम अब्दुल हामिद ने।

उनके निधन के बाद उनका कारोबार बिखरता-सा जा रहा है। ये स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। काश हमदर्द मैनेजमेंट ने सिप्ला लिमिटेड से कुछ सीखा होता। सिप्ला भारत की बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी है। सिप्ला हृदय रोग, गठिया, मधुमेह आदि के इलाज के लिए नामी दवाएं विकसित और निर्माण करती है। इसकी स्थापना ख्वाजा अब्दुल हमीद ने 1935 में मुंबई में की थी। इसकी एक फैक्ट्री में महात्मा गांधी 1940 के दशक में आए थे। हमीद साहब राष्ट्रवादी विचार के मुसलमान थे। जहां तक विप्रो लिमिटेड की बात है तो यह भारत की तीसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी है। आज इसका टर्न ओवर कोई 600 अरब रुपये प्रतिवर्ष है और मुनाफा कोई 70 अरब रुपये। दरअसल 1977 में जनता सरकार के समय विदेशी कंपनियों के भारत छोड़ने के आदेश के बाद विप्रो के व्यवसाय में असरदार इजाफा हुआ था। आज यह एक बहु व्यवसाय तथा बहु स्थान कंपनी के रूप में उभरी है। आप उत्तर भारत के आबादी के लिहाज से दो बड़े राज्यों-उत्तर प्रदेश तथा बिहार पर भी नजर डालिए। यकीन मानिए कि हिमालय ड्रग्स के अलावा कोई बड़ी कंपनी नहीं मिलेगी जिसका नाम हो और जिसका मैनेजमेंट किसी मुसलमान व्यवसायी के पास हो।

अभिव्यक्ति

# जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र अपनी जड़ों तक पहुंच गया

राम सहाय

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पंचायती राज दिवस को इस बार सांबा, जम्मू की पल्लू पंचायत में मनाया। प्रधानमंत्री ने समूचे जम्मू-कश्मीर को संबोधित किया। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र अपनी जड़ों तक पहुंच गया है। वहां पहली बार पंचायती राज, अपने संपूर्ण संदर्भों के साथ, स्थापित हुआ है। जम्मू-कश्मीर में 30,000 से ज्यादा जन-प्रतिनिधि पंचायतों में चुनकर आए हैं। जानकारों के माने तो जम्मू-कश्मीर पर पीएम मोदी की शुरू से ही पैनी नजर रही है। वे अनुच्छेद 370 की समाप्ति से पहले वहां के हालात से वाकिफ हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। सुरक्षा का परिदृश्य भी काफी हद तक बदल चुका है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने और केंद्र शासित प्रदेश का विशेष दर्जा रद्द किए जाने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री का यह दौरा था। अब जम्मू कश्मीर में लोकतंत्र के साथ विकास की संभावनाएं साफ तौर पर दिखाई दे रही हैं। यह संघशासित क्षेत्र आगामी 25 सालों में विकास की नई गाथा लिखेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। धरती के स्वर्ग में धारा 370 हटने के बाद काफी कुछ बदला है। पर्यटन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की जा रही है, एक रिपोर्ट के अनुसार अगली गर्मियों तक सभी बुकिंग हो चुकी हैं। उम्मीद है कि लाखों सैलानी कश्मीर जाएंगे, तो वहां का कारोबार भी चमकेगा और राजस्व भी हासिल होगा। ऐसे बदलते कश्मीर में प्रधानमंत्री ने 20,000 करोड़ रुपए की सौगातें दी हैं। शिलान्यास के साथ शुभारंभ भी किए गए हैं। बेहद महत्त्वपूर्ण बनिहाल-काजीगुंड सुरंग का उद्घाटन किया गया, जिससे जम्मू और श्रीनगर की दूरी करीब 2 घंटे कम हो जाएगी। ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला को लिंक करने वाला ऑर्क ब्रिज भी जल्द ही देश को मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए दो पनबिजली परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, तो 7500 करोड़ रुपए की लागत वाले दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे का भी शिलान्यास किया। इससे मां वैष्णो देवी के धाम तक पहुंचने में सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि बहुत जल्द कन्याकुमारी की देवी को वैष्णो देवी धाम से जोड़ा जाएगा। देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा है, तो 75 अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। उनके जरिए स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिवीर शहीदों के परिवारों को जोड़ा जाएगा। सांबा में 108 जन औषधि केंद्रों की शुरूआत की जाएगी, ताकि आम आदमी को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकें। नए कश्मीर में नए निवेश की घोषणा स्पष्ट संकेत है कि निजी कंपनियां निवेश कर रही हैं। प्रधानमंत्री के साथ संयुक्त अरब अमीरात के बिजनेस लीडर भी मौजूद थे। वे जम्मू-कश्मीर में 3000 करोड़ रुपए का निवेश करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी दावा किया कि बीते दो सालों में ही 38,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है, जबकि आजादी के बाद सात दशकों के दौरान 17,000 करोड़ रुपए का ही निवेश किया गया था। बहरहाल प्रधानमंत्री ने खासकर युवाओं का आह्वान करते हुए कहा है-मेरे शब्दों पर भरोसा रखिए। मैं हर तरह की दूरियां मिटाने आया हूं। प्रधानमंत्री की घोषणाओं और दावों पर उनके राजनीतिक विरोधी संदेह और सवाल कर सकते हैं, लेकिन हम इन्हें नए विकास और नई लोकतांत्रिक धारा की नई शुरूआत मान रहे हैं। परिसीमन की प्रक्रिया भी आखिरी चरण में है। मई की शुरूआत में ही आयोग की रपट आना प्रस्तावित है। उसके बाद विधानसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू होगी। लोकतंत्र का एक और निर्णायक अध्याय आरंभ होगा। जम्मू-कश्मीर की विधानसभा बहाल होगी। राज्य शेष भारत के कानूनों से जुड़ चुका है और मुख्यधारा से जुडने की गति विधानसभा बनने के बाद शुरू होगी। प्रधानमंत्री के इस देशव्यापी आयोजन के अर्थ राजनीतिक भी हैं, लेकिन उसे भी लोकतंत्र से ही जोड़ा जाएगा। बेशक कश्मीर का चेहरा बदलना है। अब वह कश्मीर नहीं चाहिए, जिसे भारत-विरोधी बना रखा गया था। दो-दो ध्वज थे और केंद्रीय कानूनों को लागू नहीं किया जा सकता था। अनुच्छेद मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से न केवल देश में आतंकी मामलों और हिंसा की घटनाओं में कमी आई है।

# बेमिसाल अदाकारी और आकर्षक मुस्कान ही थी 'चिंटू' की पहचान



बॉलीवुड में 'चिंटू' के नाम से मशहूर अभिनेता ऋषि कपूर को इस दुनिया से गए आज बेशक दो साल हो गए हैं, लेकिन उनकी अमर अदाकारी कभी भी इस बात का अहसास नहीं होने देती कि वे अब हमारे बीच नहीं हैं। ऋषि कपूर का जन्म 4 सितम्बर 1952 को मुंबई में हुआ था। ऋषि कपूर फिल्म निर्देशक और अभिनेता राजकपूर के बेटे हैं। उनकी प्रारंभिक पढ़ाई मुंबई के ही कैंपियन स्कूल में हुई थी। इसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई मेयो कॉलेज अजमेर से पूरी की। ऋषि कपूर फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते थे। जिसके कारण उनकी रुचि शुरू से ही फिल्मों में रही। अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने भी फिल्मों में अभिनय को अपना करियर चुना। ऋषि कपूर ने बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरूआत 1970 में आई फिल्म 'मेरा नाम जोकर' से की। इस फिल्म में उन्होंने राज कपूर के बचपन का किरदार निभाया था। इसके बाद 1973 में आई फिल्म 'बॉबी' से ऋषि ने बतौर अभिनेता अपने अभिनय की शुरूआत की। इस फिल्म में उनके अपोजिट अभिनेत्री डिम्पल कपाड़िया थी। इस फिल्म में ऋषि को उनके शानदार अभिनय के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद ऋषि की फिल्म आई 'जहरीला इंसान'। इस फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में थी अभिनेत्री नीतू सिंह,जो आगे चलकर उनकी जीवनसंगिनी बनी। शूटिंग के दौरान ऋषि अक्सर नीतू को छेड़ते रहते थे, जिससे वह अक्सर नाराज हो जाया करती थी। धीरे- धीरे उनकी तकरार दोस्ती में बदल गई। हालांकि यह फिल्म फ्लॉप रही ,लेकिन इस फिल्म ने ऋषि और नीतू के दिलों को मिला दिया था। दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया था और 1980 में दोनों ने शादी कर ली। ऋषि कपूर और नीतू कपूर के दो बच्चे बेटा रणवीर कपूर और बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी है। ऋषि कपूर ने अपनी ज्यादातर फिल्मों में रोमांटिक हीरो का किरदार निभाया हैं। जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। लेकिन साल 2012 में जब फिल्म अग्निपथ रिलीज हुई तो इस फिल्म में ऋषि के दमदार खलनायक की भूमिका में उनके अभिनय ने सबको हैरान कर दिया। इस फिल्म में ऋषि कपूर के साथ ऋतिक रोशन,संजय दत्त और प्रियंका चोपड़ा भी थी। इस फिल्म में ऋषि को उनके दमदार अभिनय के लिए आइफा बेस्ट निगेटिव रोल का पुरस्कार मिला। ऋषि कपूर ने बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दी हैं। जिसमें अमर अकबर एंथोनी, सरगम, नसीब, प्रेम रोग, कुली ,चांदनी, हिना, अग्निपथ, कपूर एंड सन्स, मुल्क, द बॉडी आदि में शानदार अभिनय किया हैं। ऋषि ने अभिनय कि दुनिया में अपना लोहा मनवाने के बाद 1998 में आई फिल्म 'आ अब लौट चलें ' का निर्देशन किया। ऋषि को 2008 में फिल्फेयर लाइव टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। साल 2018 ऋषि कपूर के लिए मुश्किलों से भरा रहा,लेकिन इस मुश्किल घड़ी में भी वह मुस्कुराते रहे और इसमें उनकी पत्नी ने भी उनका बखूबी साथ निभाया। दरअसल इसी साल ऋषि कपूर को पता चला था कि उन्हें कैंसर है। जिसके बाद वह इसका इलाज करने न्यूयार्क गए और वहां 11 महीने और 11 दिनों तक न्यूयॉर्क में इलाज कराने के बाद भारत वापस लौटे थे और माना जा रहा था कि ऋषि कपूर कैंसर की जंग जीत चुके हैं। लेकिन फरवरी 2020 में फिल्म शमार्जी नमकीन की शूटिंग के दौरान उनकी तबीयत बार -बार खराब हो रही थी। 30 अप्रैल को ऋषि कपूर की तबीयत जब ज्यादा बिगड़ी तो उन्हें मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांस ली। अपनी जिंदादिली और बेबाक बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले ऋषि कपूर के निधन ने हर किसी को अंदर तक झकझोर कर रख दिया था।

# आधुनिक युग में प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग

सुनील

**पॉलीथीन** और प्लॉस्टिक आज पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आधुनिक युग में प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग प्लास्टिक से उत्पन्न होने वाले कचरे की मात्रा को बढ़ा रहा है, जिससे इसका निस्तारण दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है, क्योंकि प्लास्टिक एक नॉन बायोडिग्रेडेबल पदार्थ है। यह कई टुकड़ो में टूट जाता है और खराब होता है परन्तु मिट्टी में नहीं मिलता है, जिससे यह पर्यावरण में सैकड़ों सालों तक बना रहता है और प्रदूषण फैलाता है। पॉलिथीन बैग भूमि, वायु, समुद्र और जल संसाधनों को समान रूप से प्रदूषित करते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर मिनट 10 लाख से ज्यादा पॉलिथीन बैग की खपत होती है। प्लास्टिक को वास्तव में, तेल और पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधन से प्राप्त किया जाता है। इसका उपयोग बड़े रुप से प्लास्टिक बैग, रसोई का सामान, फर्नीचर, दरवाजे, चद्दर, पैकिंग के सामान के अलावा अन्य कई चीजों को बनाने में किया जाता है। लोग प्लास्टिक से बने सामानों को लेना अधिक पसंद इसलिए करते हैं , क्योंकि यह लकड़ी और धातु की वस्तुओं की तुलना में काफी हल्के और किफायती होते हैं। पर्यावरण और मानव के लिए आज अगर सबसे बड़ा खतरा है तो वह पॉलीथीन बैग्स और प्लॉस्टिक से ही है। अनेक देशों में इनके खतरों को लेकर मानवजाति को आगाह किया जाता रहा है लेकिन बावजूद इसके भी इनका प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। कुछ देशों ने इनके खतरों को देखते हुए मानवहित व पर्यावरण हित में कड़े फैसले लिए हैं। वर्ष 2002 में बांग्लादेश पतले पॉलीथीन बैग के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बना। बताता चलूँ कि हमारे देश में जम्मू-कश्मीर एक ऐसा राज्य है, जहां पतले पॉलीथीन बैग (मोटाई में 50 माइक्रोन से कम) के उत्पादन और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। साठ के दशक से पहले पॉलीथिन बैग नहीं था। क्या इसका मतलब यह है कि पैकेजिंग सामग्री के निर्माताओं के लिए इससे पहले कोई व्यावसायिक अवसर नहीं थे ?

## नो-बॉल को लेकर मैदानी अंपायर से फिर उलझे पंत

**मैड्रिड।** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 6 गेंदें रहते 4 विकेट से जीत दर्ज की। मैच के दौरान एक बार फिर दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत को मैदानी अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया था। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान नो बॉल के कारण पंत मैदानी अंपायर से भिड़ गए थे और खिलाड़ियों को वापस आने का इशारा भी कर दिया था। पंत पर इसे लेकर जुर्माना भी लगाया गया था।



केकेआर की पारी के दौरान 17वें ओवर में रिंकू सिंह और नितीश राणा मैदान पर थे। ललित यादव गेंदबाजी पर थे और 17वें ओवर की तीसरी गेंद पर राणा स्ट्राइक एंड पर खड़े थे और ललित ने फुल टॉस डाली और राणा ने इस गेंद पर छक्का जड़ दिया। गेंद कमर से उपर थी तो मैदानी अंपायर ने इस नो बॉल करार देते हुए फ्री हिट का इशारा किया। इसके बाद पंत एक बार फिर अंपायर के फैसले पर एतराज करते हुए नजर आए। पंत अंपायर के पास गए और उनसे इस बारे में बात करें लगे। ऐसा लग रहा था कि वह अंपायर को पिछले मैच के बारे में याद करवा रहे थे। हालांकि उन्होंने इस बारे में अंपायर से बहस नहीं की और नो बॉल व फ्री हिट को मान्य किया।

मैच की बात करें तो केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली ने 19 ओवर में 4 विकेट रहते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। केकेआर की यह लगातार पांचवीं हार थी जिसके बाद अब प्लेऑफ में जाने की राह मुश्किल हो गई है।

## 6 बार के यूरोपीय चैंपियन लिवरपूल ने विलारियाल को 2-0 से हराया, नॉकआउट राउंड में सादियो माने का 14वां गोल

**लंदन।** इंग्लैंड के लिवरपूल ने यहां चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में स्पेन के विलारियाल को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। छह बार के यूरोपीय चैंपियन लीवरपूल को अपने घरेलू मैदान एनफील्ड पर विलारियाल को हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। मैच के पहले हॉफ में दोनों टीमों की ओर से कोई भी गोल नहीं कर सका। दूसरे हॉफ के 53वें मिनट में विलारियाल के पेरविस एस्टुपिना ने जोर्डन हेंडरसन के क्रास को अपने ही गोल में डालकर लिवरपूल को बढ़त दिला दी। इसके दो मिनट बाद (55वें) सादियो माने ने सालाह की थ्रोबॉल पर विलारियाल के गोलची जेरोनिमो को छकाते हुए लिवरपूल को 2-0 से आगे कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ।



सादियो ने चैंपियंस लीग नॉकआउट में 14 गोल किए हैं और उन्होंने अफ्रीका के डिडिएर ड्रोग्बा के रिकॉर्ड की बराबरी की। सेमीफाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को एस्टाडियो डि ला सेरामिका में खेला जाएगा। मैच में विलारियाल कोई बड़ा उलटफेर करके ही लिवरपूल को फाइनल में जगह बनाने से रोक सकता है। लिवरपूल के मैनेजर जर्गेन क्लॉप ने कहा कि पहले चरण का मैच एकतरफा जरूर रहा, लेकिन हमें सचेत रहने की जरूरत है। आगे इससे अच्छा खेल दिखाना होगा।

## ऋषभ पंत के लिए लेडी लक बनीं ईशा नेगी, दिल्ली की जीत से खुश दिखे पार्थ और उनकी पत्नी

**मुंबई।** आईपीएल 2022 के 41वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को चार विकेट से हरा दिया। यह इस सीजन दिल्ली के खिलाफ कोलकाता की लगातार दूसरी हार रही। इस जीत के साथ दिल्ली की टीम प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, कोलकाता की टीम आठवें स्थान पर है। इस मैच को देखने के लिए ऋषभ पंत के गर्लफ्रेंड ईशा नेगी भी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पहुंची थीं। वह पंत के लिए लेडी लक साबित हुईं और दिल्ली की टीम ने आसानी से मैच जीत लिया। इसी साल पंत ने इंस्टाग्राम एकाउंट पर ईशा को बर्थडे विश किया था। इस पर रिएक्ट करते हुए ईशा ने पंत को आई लव यू भी कहा था। पंत और ईशा लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं।

# 42 मिनट में सेट जीत क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं सिंधू, श्रीकांत-साइना हारे, सात्विक-चिराग की जोड़ी भी अंतिम-8 में

**नई दिल्ली।** दो बार ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने सिंगापुर की युई यान जेस्लिन हूई को सीधे गेम में हराकर यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीय सिंधू ने दुनिया की 100वें नंबर की खिलाड़ी जेस्लिन हूई को 42 मिनट में 21-16 21-16 से हराया।

हालांकि, लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की तीसरी वरीय भारतीय पुरुष युगल टीम दूसरे दौर में जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। सात्विक और चिराग की तीसरी वरीय भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने अकीरा कोगा और ताइची साइतो की जापान की जोड़ी को सीधे गेम में 21-17 21-15 से हराया।

**जेस्लिन ने दी सिंधू को कड़ी टक्कर**

इससे पहले रैंकिंग में बड़ा अंतर होने के बावजूद सिंधू को जेस्लिन हूई ने कड़ी टक्कर दी। सिंधू पहले गेम में एक समय 7-9 से पिछड़ रही थी लेकिन ब्रेक तक स्कोर 10-11 कर दिया। सिंधू ने हालांकि वापसी करते हुए 16-16 पर स्कोर बराबर किया और फिर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने 12-8 की बढ़त बनाई लेकिन सिंगापुर की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 15-16 कर दिया। सिंधू ने जोरदार खेल दिखाते हुए मैच जीत लिया।




**टोक्यो ओलंपिक में बिंग को हरा चुकी हैं सिंधू**

अगले दौर में दुनिया की 7वें नंबर की सिंधू की भिड़ंत चीन की तीसरी वरीय बिंग जियाओ से होगी, जिन्हें हराकर सिंधू ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। बिंग जियाओ के खिलाफ सिंधू ने 7 मुकाबले जीते हैं, लेकिन 9 में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि पिछले दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

**साइना-श्रीकांत का पदक जीतने का सपना टूटा**

साइना नेहवाल का इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट में चौथा पदक जीतने का सपना टूट गया जब उन्हें चीन की 22 साल की दुनिया की 16वें नंबर की खिलाड़ी वेंग झी यी के खिलाफ 21-12 7-21 13-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। साइना चोट के बाद वापसी कर रही थी और उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और उबेर कप के ट्रायल में भी हिस्सा नहीं लिया था। वहीं सातवें वरीय श्रीकांत को भी पुरुष एकल के दूसरे दौर में कड़े मुकाबले में तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में चीन के वेंग होंग यांग के हाथों एक घंटे और 17 मिनट तक चले मुकाबले में 16-21 21-17 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## ओस्लो ई-स्पोर्ट्स कप शतरंज- डुड़ा से हारे प्रग्गानंधा , कार्लसन फिर निकले आगे

**ओस्लो , नॉर्वे।** दुनिया का अपनी तरह का पहला शतरंज ई-स्पोर्ट्स टूर्नामेंट ओस्लो स्पोर्ट्स कप अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुँच गया है । छठे राउंड मे 12 अंको के साथ सबसे आगे चल रहे भारत के आर प्रग्गानंधा को पोलैंड के विश्व कप विजेता यान डुड़ा से हार का सामना करना पड़ा है ,अपने अधिकतर सभी मुक़ाबले एकतरफा जीतने वाले प्रग्गानंधा को यान डुड़ा से 2.5-0.5 की एकतरफा हार का सामना करना पड़ा ।

विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन नें इस राउंड मे पिछ्ले राउंड की हार को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की और उन्होने कनाडा के एरिक हेनसेन को 2.5-0.5 से पराजित करते हुए ना सिर्फ 12 अंक बना लिए बल्कि बेहतर टाईब्रेक के आधार पर प्रग्गानंधा को दूसरे स्थान पर सरकाते हुए खुद शीर्ष पर काबिज हो गए है । हालांकि समान अंको के चलते अंतिम राउंड मे अभी भी दोनों ख़िताबी दावेदार है , प्रग्गानंधा को सातवे राउंड मे नीदरलैंड के अनीश गिरि से तो कार्लसन को अजरबैजान के शकरियार ममेद्यारोव से बाजी खेलना है ।



सातवे राउंड मे वियतनाम के ले कुयांग लिम नें अनीश गिरि को 2.5-0.5 से तो ममेद्यारोव नें नीदरलैंड के वान फॉरेस्ट को 3.5-2.5 से पराजित किया ।

## खेलो इंडिया: ओलंपियन नटराज ने जीते तीन स्वर्ण

**बेंगलुरू ।** ओलंपियन तैराक श्रीहरि नटराज ने खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल (केआईयूजी) में यहां तीन स्वर्ण पदक जीते जिससे मेजबान जैन विश्वविद्यालय ने सोने के 14 तमगे जीतकर तरणताल में अपना दबदबा बनाया। जैन विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले नटराज ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 50 मीटर बैकस्ट्रोक और चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने इन सभी स्पर्धाओं में नए रिकार्ड भी बनाए।

नटराज ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 50.98 सेकेंड का समय निकालकर रूद्रांश मिश्रा के 2020 में बनाए गए 53.01 के रिकार्ड को तोड़ा। हीर शाह (मुंबई विश्वविद्यालय) ने 52.78 सेकेंड और आदित्य दिनेश (अन्ना विश्वविद्यालय) ने 52.79 सेकेंड का समय लेकर क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। नटराज ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 26.10 सेकेंड का समय निकाला। शिव श्रीधर (जैन विश्वविद्यालय) ने 27.10 सेकेंड और सिद्धांत सेजवाल (पंजाब विश्वविद्यालय) ने 27.69 सेकेंड के साथ क्रमशःरजत और कांस्य पदक अपने नाम किये। इसके बाद नटराज ने संजय जयकृष्णन, शिव श्रीधर और राज रेलेकर के साथ मिलकर चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले को आठ मिनट 06.87 सेकेंड के नये रिकॉर्ड समय के साथ पूरा किया।



## स्पॉट फिक्सिंग मामले पर दानिश कनेरिया का बड़ा खुलासा, अफरीदी पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में अपने समय से लगातार सनसनीखेज खुलासे करते रहे हैं। पूर्व स्पिनर ने अब पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए है। कनेरिया ने कहा कि अफरीदी 'झूठे' थे जिन्होंने उनके साथ सिर्फ इसलिए दुर्व्यवहार किया क्योंकि वह पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने वाले हिंदू थे। कनेरिया वास्तव में इस तरह का खुलासा करने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं।

**शोएब अख्तर ने भी किया था भेद-भाव का दावा**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी दावा किया था कि स्पिनर के साथ पाकिस्तान टीम में कुछ सदस्यों द्वारा गलत व्यवहार किया गया था क्योंकि वह हिंदू था। शोएब अख्तर सार्वजनिक रूप से मेरी समस्या के बारे में बात करने वाले पहले व्यक्ति थे। इसके लिए उन्हें सलाम (हिंदू होने के कारण टीम में मेरे साथ कैसा व्यवहार किया गया)। हालांकि, बाद में कई अधिकारियों द्वारा उन पर दबाव डाला गया। फिर वह इसके बारे में बात करने से हटे। लेकिन हां, यह मेरे साथ हुआ। शाहिद अफरीदी ने मुझे हमेशा नीचा दिखाया। हम एक ही टीम के लिए एक साथ खेलते थे, वह मुझे बेंच पर रखते थे और मुझे एक दिवसीय खेलने नहीं देते थे।




**वह नहीं चाहता था कि मैं टीम में रहूं : कनेरिया**

कनेरिया ने कहा कि वह नहीं चाहता था कि मैं टीम में रहूं। वह एक झूठा, जोड़-तोड़ करने वाला था ... क्योंकि वह एक चरित्रहीन व्यक्ति है। हालांकि मेरा ध्यान केवल क्रिकेट पर था और मैं इन सभी बातों को अनदेखा किया। शाहिद अफरीदी ही वह व्यक्ति थे जो अन्य खिलाड़ियों के पास जाता था और उन्हें मेरे खिलाफ भड़काता था। मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा था और वह मुझसे ईर्ष्या कर रहा था। मुझे गर्व है कि मैं पाकिस्तान के लिए खेला। मैं आभारी था।

**'वह अफरीदी समेत अन्य पाकिस्तानी क्रिकेटरों का भी दोस्त था'**

स्पॉट फिक्सिंग मामले में कथित संलिप्तता को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा निलंबित किए गए कनेरिया ने कहा कि वह पाकिस्तान के लिए अधिक एकदिवसीय मैच खेल सकते थे, यह अफरीदी के लिए नहीं था। कनेरिया ने कहा उसके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप झूठे हैं। मेरे खिलाफ (स्पॉट फिक्सिंग के) कुछ झूठे आरोप लगाए गए थे। मेरा नाम मामले में शामिल व्यक्ति के साथ जोड़ा गया था। वह अफरीदी समेत अन्य पाकिस्तानी क्रिकेटरों का भी दोस्त था। मैं पीसीबी से प्रतिबंध हटाने का अनुरोध करना चाहता हूं ताकि मैं अपना काम कर सकूं।

**कृपया इस प्रतिबंध को हटा दें पीसीबी : कनेरिया**

उन्होंने आगे कहा कि कई फिक्सर हैं जो प्रतिबंध से बाहर हो गए। मुझे नहीं पता कि मेरे साथ ऐसा क्यों नहीं हो रहा।। मैं अपने देश के लिए खेला हूं और मुझे भी दूसरों की तरह मौका दिया जाना चाहिए। अब मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भी नहीं रहा हूं। मैं पीसीबी से कोई नौकरी नहीं मांग रहा हूं, लेकिन कृपया इस प्रतिबंध को हटा दें ताकि मैं शांति से रह सकूं और अपना काम सम्मान के साथ कर सकूं।

# कोलकाता की लगातार 5वीं हार, दिल्ली ने 4 विकेट से जीता मैच

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल 2022 का 41वां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कोलकाता की टीम ने नितिश राणा की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 4 और मुस्ताफिजुर रहमान ने 3 विकेट अपने नाम किए। दिल्ली कैपिटल्स ने 19 ओवर में 146 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया और 4 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया।

**कोलकाता नाईट राईडर्स (पहली पारी)**

पहले बल्लेबाजी के लिए आई कोलकाता टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और एरोन फिंच के रूप में पहला विकेट गिरा। चेतन सकारिया ने एरोन फिंच को 3 रन पर आउट करके दिल्ली की टीम को पहली सफलता दिलाई। अक्षर पटेल ने वेंकटेश अय्यर को 6 रन पर आउट करके कोलकाता को दूसरा झटका दिया। इसके साथ ही अक्षर ने टी20 क्रिकेट में 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। कुलदीप यादव ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटककर कोलकाता की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। कुलदीप ने पहले बाबा इंदरजीत को 6 रन पर आउट किया और उसके बाद सुनील नरेन को शून्य पर पवेलियन लौटाया।



कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर कुलदीप यादव का तीसरा शिकार बने। कुलदीप ने श्रेयस अय्यर को 37 गेंदों पर 42 रन पर आउट कर चलता किया।श्रेयस अय्यर ने अपनी पारी के दौरान 4 चौके लगाए।

तीन गेंद बाद कुलदीप ने आंद्रे रसल को शून्य पर आउट कर अपने नाम चौथी सफलता हासिल की। 6 विकेट गिरने के बाद नितिश राणा और रिंकु सिंह के बीच 62 रन की साझेदारी हुई। आखिरी ओवर में मुस्ताफिजुर रहमान ने रिंकु सिंह को 23 रन पर आउट करके टीम को 7वीं सफलता दिलाई। अर्धशतक बनाकर खेल रहे नितिश राणा 34 गेंदों पर 3 चौके और 4 छक्के की मदद से 54 रन बनाकर मुस्ताफिजुर का शिकार बने। इसके बाद टिम साउदी शून्य पर आउट होकर चलते बने।

**दिल्ली कैपिटल्स (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने आई दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत बेहद ही खराब रही और टीम को पहली ही गेंद पर सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ का विकेट शून्य पर गंवाना पड़ा। शॉ को उमेश यादव ने अपना शिकार बनाया।

इसके बाद कोरोना से ठीक होने के बाद टीम में वापसी करे रहे मिचेल मार्श भी सस्ते में आउट कर पवेलियन को चल दिए। मार्श को हर्षित राणा ने 13 रन पर आउट कर कोलकाता को दूसरी सफलता दिलाई। अर्धशतक के करीब पहुंच चुके डेविड वार्नर को उमेश यादव ने आउट कर टीम को तीसरी सफलता दिलाई। वार्नर ने 26 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 42 रन बनाए। ललित यादव को आउट कर सुनील नरेन ने कोलकाता को चौथी सफलता दिलाई। ललित 29 गेंदों पर 22 रन बनाकर आउट हुए। उमेश यादव ने दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत को 2 रन पर आउट करके बड़ा झटका दिया।

अक्षर पटेल ने 17 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाए। पर वह रन चुराने के चक्कर में रन आउट हो गए। रोवमैन पावेल और शार्दुल ठाकुर की जोड़ी ने दिल्ली की टीम को जीत तक पहुंचाया। पावेल ने 33 रन और शार्दुल 8 रन बनाकर नाबाद रहे।

## श्रीलंका दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, स्टार खिलाड़ियों की हुई वापसी

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया ने जून-जुलाई में होने वाले श्रीलंका दौरे के लिए तीनों प्रारूपों में अपनी पूरी मजबूत टीम का ऐलान किया है। ऑस्ट्रेलिया टीम गॉल में दो टेस्ट खेलेगी जिसके लिए 16 सदस्यीय टीम चुनी गई है। इसमें हालांकि मार्कस हैरिस को जगह नहीं मिली। दौरे की शुरूआत तीन टी20 मैचों से होगी जिसके बाद पांच वनडे मैच खेले जाएंगे।

स्टार खिलाड़ी जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क, डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड और ग्लेन मैक्सवेल की सीमित ओवरों की टीमों में वापसी हुई है। नए मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का टीम के साथ यह पहला दौरा होगा। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस टी20 टीम में नहीं है जबकि स्पिनर एडम जाम्पा अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण पूरे दौरे से बाहर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया ए टीम हम्बनटोटा में चार दिवसीय दो मैच खेलेगी। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया ए के मैच होने से खिलाड़ियों को टेस्ट टीम के लिए दावा पुख्ता करने का मौका मिलेगा।'

**टीमें :**

**टेस्ट :** पैट कमिंस (कप्तान), एश्टोन एगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कारी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वीपसन, डेविड वॉर्नर

**वनडे :** आरोन फिंच (कप्तान),एश्टोन एगर, एलेक्स कारी, पैट कमिंस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वीपसन, डेविड वॉर्नर ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस

**टी20 :** आरोन फिंच (कप्तान),सीन एबट, एश्टोन एगर, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वीपसन, डेविड वॉर्नर , मैथ्यू वेड, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, झाय रिचर्डसन, केन रिचर्डसन

**दौरे का कार्यक्रम :**

7 जून : पहला टी20 , कोलंबो
8 जून : दूसरा टी20, कोलंबो
11 जून : तीसरा टी20 , कैंडी
14 जून : पहला वनडे, कैंडी
16 जून : दूसरा वनडे, कैंडी
19 जून : तीसरा वनडे, कोलंबो
21 जून : चौथा वनडे, कोलंबो
24 जून : पांचवां वनडे, कोलंबो
29 जून से 3 जुलाई : पहला टेस्ट, गॉल
8 से 12 जुलाई : दूसरा टेस्ट , गॉल।

## रनों के लिए जूझ रहे कोहली को युवराज की सलाह- अपने पुराने मैच देखें, पहले जैसे बनें

**मुंबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मौजूदा समय में अपने करियर के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खराब प्रदर्शन के बाद आईपीएल में भी उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। विराट की खराब फॉर्म को लेकर क्रिकेट जगत के कई दिग्गज चिंतित हैं और सभी विराट को अलग-अलग सलाह दे रहे हैं। रवि शास्त्री का मानना है कि कोहली को लंबे समय के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेना चाहिए। वहीं, कई खिलाड़ियों ने कहा है कि विराट बड़े खिलाड़ी हैं और वो जल्द ही इससे बाहर आ जाएंगे। विराट के अच्छे दोस्त और टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा है कि कोहली को फॉर्म में वापसी करने के लिए अपने पुराने मैच देखने चाहिए। वो अपनी पुरानी पारियां देखकर सीख सकते हैं कि उन्हें कैसे फिर से बड़ी पारियां खेलनी हैं।

**विराट बाकी खिलाड़ियों से चार गुना ज्यादा मेहनती**

युवराज ने एक मीडिया हाउस से बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने पिछले 15 सालों में जितने खिलाड़ियों को देखा हैं, उनसे विराट चार गुना ज्यादा मेहनती हैं। इससे उन्हें खराब दौर से बाहर आने में मदद मिलेगी। युवराज ने कहा कि विराट खराब दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन वो अभी भी रन बना पा रहे हैं। उन्होंने कहा ÷निश्चित रूप से वो खुश नहीं हैं और लोग भी खुश नहीं हैं। क्योंकि हमने उन्हें बड़े लक्ष्य तय करते देखा है। उन्होंने शतक के बाद शतक लगाए हैं, लेकिन यह बड़े खिलाड़ियों के साथ होता है।' युवराज ने आगे कहा कि विराट को फिर से खुले दिमाग के साथ खुद को व्यक्त करने की जरूरत है। उन्हें फॉर्म में वापसी करने के लिए पुराने मैच देखने चाहिए। अगर वो पहले की तरह सोचने लगते हैं और उसी अंदाज में खेलने की कोशिश करते हैं तो इसका असर उनके खेल पर दिखेगा।

# विदेश संदेश

## आईएमएफ चीफ जॉर्जीवा कोरोना संक्रमित, घर पर रहकर कर रहीं काम



**वाशिंगटन।** आईएमएफ चीफ क्रिस्टालिना जॉर्जीवा कोरोना संक्रमित हो गई हैं। अभी वह हल्के लक्षणों का अनुभव कर रही है और घर पर आइसोलेशन में रहकर काम कर रही हैं। इसकी जानकारी प्रवक्ता गेरी राइस ने दी है। उन्होंने कहा कि वह कोरोना वैक्सीन की दो खुराक के साथ बूस्टर डोज भी ले चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस भी कोरोना संक्रमित हो गई हैं।

## दहला अफगानिस्तानः दो धमाकों में नौ की मौत, 13 घायल, किसी ने नहीं ली जिम्मेदारी

**काबुल।** अफगानिस्तान में दो विस्फोटों में कम से कम नौ लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए। धमाका बल्ख प्रांत के मजार-ए-शरीफ इलाके में हुआ। टोलो न्यूज के मुताबिक, दोनों धमाकों में सार्वजनिक परिवहन को निशाना बनाया गया। प्रांतीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की कि अस्पतालों ने मृतकों के शव प्राप्त कर लिए हैं और घायलों का इलाज कर रहे हैं। इस बीच, किसी भी समूह ने विस्फोटों की जिम्मेदारी नहीं ली है। पिछले गुरुवार को मजार-ए-शरीफ की एक मस्जिद में हुए विस्फोट में दर्जनों नमाजियों की मौत हो गई थी और वे घायल हो गए थे। सी-दुकान मस्जिद में जब विस्फोट हुआ तब करीब 400 लोग नमाज अदा कर रहे थे। इस्लामिक स्टेट ने 21 अप्रैल को हुए विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी।



## सिंध में जबरन लापता परिवारों ने सरकार का एकमुश्त मुआवजा ठुकराया, की ये मांग

**इस्लामाबाद।** सिंध में जबरन लापता परिवारों ने सरकार का एकमुश्त मुआवजा देने का प्रस्ताव ठुकराया दिया है। सिंध हाई कोर्ट में याचिकाकर्ताओं के वकील के अनुसार लापता व्यक्तियों के परिवारों ने सिंध गृह विभाग द्वारा प्रदान किए गए एकमुश्त मुआवजे को खारिज कर दिया हालांकि, परिवार मासिक मुआवजे पर विचार कर सकते हैं। एक प्रांतीय कानून अधिकारी ने मंगलवार को सिंध उच्च न्यायालय को बताया कि सिंध गृह विभाग ने मुख्यमंत्री को जबरन लापता होने के पीड़ितों के परिवारों को एकमुश्त मुआवजा देने के लिए एक सारांश भेजा है। द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, शहर के विभिन्न हिस्सों से नागरिकों के जबरन गायब होने के खिलाफ एक याचिका पर टिप्पणी दर्ज करते हुए गृह विभाग ने लापता व्यक्तियों के परिवारों को की दुर्दशा और अदालत के आदेशों को देखते हुए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 500,000 रुपए मुआवजे का प्रस्ताव दिया था। विभाग ने सारांश में प्रस्तावित किया कि लापता व्यक्तियों के परिवारों के बीच 500,000 रुपये प्रति परिवार वितरण के लिए 6,000,000 रुपए की राशि स्वीकृत की जा सकती है और कराची आयुक्त के माध्यम से परिवारों के निकटतम नामित परिजनों को सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के संबंध में उनकी पूर्ण संतुष्टि के बाद संवितरण के लिए गृह विभाग के निपटान में रखा जा सकता है।

## पहले विदेशी दौरे के दौरान ही पाकिस्तानी पीएम की हो गई इंटरनेशनल बेइज्जती, सऊदी अरब में लगे 'चोर-चोर' के नारे

**सऊदी अरब ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज शरीफ अपनी पहली विदेश यात्रा पर सऊदी अरब पहुंचे। लेकिन इस दौरान उनके साथ जो हुआ उसने उन्हें सरेआम शर्मसार कर दिया। वैसे तो पाकिस्तानी पीएम की बेइज्जती कई मौकों पर देखने को मिली है, लेकिन शहबाज शरीफ के साथ सऊदी अरब में बड़ा खेल हो गया। याद दिला दें कि इमरान खान जब रूस गए थे तो पूरी दुनिया में उस वक्त उनका मजाक बनाया गया था। बताया जाता है कि इसके बाद से ही उनकी सत्ता से विदाई तय हो गई थी। अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ तो उससे भी बुरा हो गया। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की इंटरनेशनल बेइज्जती हो गई है। सऊदी अरब में शहबाज के खिलाफ चोर-चोर के नारे लगे हैं। खबरों के अनुसार भीड़ ने शहबाज के मंत्री शहजान बुगती के साथ धक्का-मुक्की भी कर दी है।

# चीन में कोरोना से हाहाकारः 27 शहरों में लगा लॉकडाउन, 16.5 करोड़ नागरिक घरों में कैद, जीरो कोविड पॉलिसी पर अड़ी सरकार

**बीजिंग।** दुनिया के अन्य देशों के साथ अब कोरोना ने चीन में कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि 27 शहरों में यहां लॉकडाउन लगाना पड़ गया। लॉकडाउन के दौरान सख्ती इतनी है कि 16.5 करोड़ लोग घरों में कैद रहने के लिए मजबूर हैं। सरकार की कठोर नीति और जीरो कोविड पॉलिसी नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। हालत ये है कि जो लोग भोजन के सामग्री इकट्ठा नहीं कर पाए उन्हें काफी मुश्किल से भोजन मिल पा रहा है। कहीं-कहीं तो 24 घंटे लोग भूखे रह रहे हैं और फिर अगले दिन 1 घंटे के लिए खाने का सामान खरीदने की मोहलत दी जाती है।

**जीरो कोविड पॉलिसी के तहत अत्याचार कर रहा चीन**

बता दें कि महामारी के दौरान, चीन अपनी जीरो कोविड पॉलिसी पर अड़ा हुआ है। इसके तहत वायरस को रोकने के लिए लॉकडाउन, मास टेस्टिंग, क्वारंटीन और सीमाएं बंद करने, लोगों को घर से बाहर निकलने पर मनाही, बाहर निकलने पर भारी जुर्माना और जेल जैसे कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। चीन की सख्ती के बावजूद कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम नहीं हो रही है। इन कठोर प्रतिबंधों के कारण लोग भूखों मरने को मजबूर हैं।



**इस साल मार्च में चीन में मामले अचानक बढ़ने लगे**

इस साल मार्च में चीन में मामले अचानक बढ़ने लगे, देखते-देखते देश में संक्रमण ने रफ्तार पकड़ ली जो कि 2020 की शुरुआत में वुहान में शुरुआती प्रकोप के बाद से भी तेज है। प्रकोप के शुरुआती चरणों के दौरान पूर्वोत्तर जिलिन प्रांत बुरी तरह प्रभावित हुआ था। गुरुवार को, चांगचुन और जिलिन सिटी के अधिकारियों, जिनकी संयुक्त आबादी एक करोड़ 35 लाख से अधिक निवासियों की है, ने कहा कि वे जल्द ही लॉकडाउन को कम करना शुरू कर देंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह प्रक्रिया कैसी होगी, या किन परिस्थितियों में लोगों को घरों से निकलने की अनुमति दी जाएगी।

**ताइवान में बीते 24 घंटों में पहली बार कोरोना के 10 हजार से अधिक मामले**

ताइवान में बीते 24 घंटों में पहली बार कोरोना के 10 हजार से अधिक मामले मिले। ताइवान की सरकार ने हाल ही में अपनी जीरो-कोविड पॉलिसी को हटाने का फैसला किया था लेकिन अब यब भारी साबित हो रहा है। ताइवान ने एक बार फिर से बड़े पैमाने पर अपनी सीमाओं को बंद कर दिया है और संक्रमण की संख्या को कम रखने के लिए महामारी के दौरान सख्त क्वारंटीन नियमों को लागू किया है।

# एंटनी ब्लिंकेन ने कहा- अब हमारी कोशिशों से मजबूत हो रहे भारत-अमेरिकी रिश्ते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने भारत-अमेरिका में बढ़ते सामरिक झुकाव का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने जरूरत पूरी करने के लिए रूस के साथ साझेदारी की। उन्होंने कहा, अमेरिका उस समय भारत की जरूरतें पूरी करने के लिए साझेदारी की स्थिति में नहीं था।

उन्होंने कहा, अब, हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच सामरिक अभिसरण बढ़ रहा है। सीनेट एप्रोप्रिएशन सबकमेटी ऑन स्टेट फॉरेन ऑपरेशन' की कांग्रेस में सुनवाई के दौरान सांसद विलियम हैगर्टी के एक सवाल के जवाब में ब्लिंकेन ने कहा, यकीनन चीन इसका बड़ा हिस्सा है।

हैगर्टी ने भारत-अमेरिकी रिश्तों पर ब्लिंकेन को विचार रखने के लिए कहा था। ब्लिंकेन ने हैगर्टी की बात से सहमति जताते हुए कहा, अब हम उस प्रयास के लिए कोशिशें कर रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंध मजबूत हो रहे हैं।



**बाइडन ने मोदी से जुड़ने की कोशिशें कीं**

एंटनी ब्लिंकेन ने कहा, मुझे लगता है कि भारत-अमेरिकी साझेदारी, अमेरिका की सबसे अहम और मूलभूत साझेदारियों में से एक है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम नरेंद्र मोदी और भारतीय नेतृत्व से सीधे जुड़ने के लिए काफी कोशिशें की हैं।

राष्ट्रपति ने क्वाड को बढ़ावा दिया जो भारत को हमारे साथ ऑस्ट्रेलिया व जापान से जोड़ता है। भारत के साथ विभिन्न मोर्चों पर हमारे सहयोग को मजबूत करने के लिए क्वाड एक बहुत ही महत्वपूर्ण जरिया रहा है।

**भारत में 30 फीसदी निवेश की शर्त रक्षा सौदे में बाधक**

'पेंटागन' के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा है कि भारतीय उद्यम में निवेश संबंधी शर्तें अमेरिका के साथ रक्षा सौदों में एक प्रमुख चुनौती है। 'डिफेंस फॉर एक्विजिशन एंड सस्टेनमेंट' में अवर सचिव के तौर पर सेवाएं दे चुकी एलन लॉर्ड ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति से यह बात कही।

भारत ने दो हजार करोड़ रुपए से अधिक के रक्षा सौदों के लिए ऑफसेट का प्रावधान किया हुआ है, जिसके तहत विक्रेता कंपनी को सौदे की राशि का 30 प्रतिशत भारत में निवेश करना होना। उन्होंने कहा, भारत में अपार अवसर हैं, लेकिन अपार चुनौतियां भी हैं। हम कभी भारत के साथ व्यापक सुरक्षा समझौता नहीं कर सके, जिसकी हम उम्मीद कर सकते थे। लॉर्ड ने कहा, हमारे सामने एस-400 समझौते व ऐसी कई चुनौतियां हैं। कारोबार संबंधी चुनौतियां भी हैं। भारत में ये चुनौतियां ऑफसेट जरूरतों के लिहाज से काफी ज्यादा हैं। बता दें, अमेरिका अरबों डॉलर की रक्षा खरीद पर भारत से चर्चा कर रहा है।

## पेंटागन के सेवानिवृत्त अधिकारी नेकहा- भारत में ऑफसेट जरूरतें रक्षा सौदे में मुख्य बाधा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पेंटागन के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा है कि भारत में ऑफसेट जरूरतें अमेरिका के साथ रक्षा सौदों में एक प्रमुख चुनौती है। 'डिफेंस फॉर एक्विजिशन एंड सस्टेनमेंट (ए एंड एस)' में अवर सचिव के तौर पर सेवाएं दे चुके एलेन लॉर्ड ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों से यह बात कही। भारत ने दो हजार करोड़ रूपए से अधिक के रक्षा सौदों के लिए ऑफसेट का प्रावधान किया हुआ है,जिसके तहत विक्रेता कंपनी को सौदे की राशि का 30 प्रतिशत भारत में निवेश करना होना। उन्होंने कहा कि, ''भारत में अपार अवसर हैं,लेकिन अपार चुनौतियां भी हैं। हम कभी भारत के साथ व्यापक सुरक्षा समझौता नहीं कर सके ,जिसकी हम उम्मीद कर सकते थे। 'लॉर्ड ने कहा, ''हमारे सामने एस-400 को लेकर हुए करार के संबंध में चुनौतियां हैं और इसी प्रकार की और भी चीजें हैं। साथ ही कारोबार करने के संबंध में चुनौतियां हैं। मैं आपको बता सकता हूं कि भारत में ये, ऑफसेट जरूरतों के लिहाज से काफी ज्यादा हैं....।' अमेरिका भारत के साथ अरबों डॉलर की अहम रक्षा खरीद,जिनमें गार्डियन ड्रोन भी शामिल है,पर बातचीत कर रहा है। पिछले दशकों में दोनों देशों के बीच रक्षा व्यापार शून्य से 18 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। अब अमेरिका की बोइंग, लॉकहीड मार्टिन तथा जनरल एटॉमिक्स जैसी बड़ी कंपनियां भारतीय बाजारों की ओर देख रही हैं। भारत की हाल की यात्रा से लौटे सांसद मार्क केली के एक प्रश्न के उत्तर में लॉर्ड ने कहा, ''तो अपार क्षमताए हैं लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि नीतियों और प्रक्रियाओं को तैयार करने,उन्हें बनाए रखने की दिशा में भारत सरकार के साथ काम करने में चुनौतियां हैं...।'




## एकता की मिसाल : हिंदु-मुस्लिम ने एक-दूसरे के लिए के लिए दान में दी जमीन

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश के खुलना डिविजन में अलग-अलग धर्मों के दो लोग-एक हिंदू और एक मुस्लिम, एक-दूसरे के धर्म के प्रति दान के अपने कृत्यों के माध्यम से सांप्रदायिक सद्भाव की सीख दे रहे हैं। बांग्लादेश की एक वेबसाइट को बताया कि बागेरहाट जिले में स्थित फकीरहाट अजहर अली डिग्री कॉलेज के सहायक प्रोफेसर प्रणब कुमार घोष ने मस्जिद के निर्माण के लिए अपनी ज़मीन दान में दी। वहीं, स्थानीय नेता शेख मिज़ानुर रहमान ने अपनी जमीन का एक टुकड़ा हिंदुओं के इलाके में श्मशान बनवाने के लिए दान में दे दिया। फकीरहाट के एक ज़मींदार घोष ने स्थानीय लोगों की ओर की गई मदद की गुहार के बाद मस्जिद निर्माण के लिए ज़मीन दान की, क्योंकि इलाके में कोई मस्जिद नहीं थी। मस्जिद के एक अधिकारी गौस शेख ने बताया कि घोष ने 'हमें न केवल जमीन दी' ,बल्कि मस्जिद में आमंत्रित किए जाने पर हमारे साथ बैठकर खाना भी खाया। इस बीच, शेख मिज़ानुर रहमान, जिनके पास भैरब नदी के तट पर सनातन धर्म श्मशान के बगल में ज़मीन थी, ने एक नया श्मशान घाट बनाने के लिए अपनी ज़मीन दान कर दी क्योंकि पुराना श्मशान नदी में बह गया था। फकीरहाट यूनियन काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष मिज़ानुर ने कहा कि वह इस विचार से बहुत आहत हुए कि एक समुदाय के पास अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए कोई ज़मीन नहीं है।

# श्रीलंका संकटः विपक्षी दल अड़े, पीएम महिंदा राजपक्षे और मंत्रिमंडल की गैरमौजूदगी में ही बैठक में लेंगे हिस्सा

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और उनके सत्तारूढ़ गठबंधन के अलग हुए सदस्यों द्वारा बुलाई गई एक महत्वपूर्ण बैठक से पहले दलों ने जोर देकर कहा कि वे केवल तभी भाग लेंगे जब यह प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और मंत्रिमंडल की उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी। देश में लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध को समाप्त करने के लिए एक सर्वदलीय सरकार के संभावित गठन पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति गोटबाया ने सत्तारूढ़ गठबंधन के 11 राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है।

आमंत्रित लोगों में 40 से अधिक सदस्य हैं जिन्होंने सत्तारूढ़ श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) गठबंधन से अलग रहने की घोषणा की थी। पार्टी के नेताओं में से एक वासुदेव नानायकारा ने संवाददाताओं से कहा कि हम बैठक के लिए जा रहे हैं, लेकिन एक शर्त के तहत यह प्रधानमंत्री (महिंदा राजपक्षे) और मंत्रिमंडल की मौजूदगी के बिना होनी चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की श्रीलंका फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) के महिंदा अमरवीरा ने कहा कि उन्होंने बृहस्पतिवार को गोटबाया को दो शर्तों के साथ एक पत्र लिखा था, जिसका उन्होंने खुलासा नहीं किया। गोटबाया ने सत्तारूढ़ गठबंधन में सभी पार्टी नेताओं को लिखे एक पत्र में कहा था कि सरकार सैद्धांतिक रूप से संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले दलों से एक सर्वदलीय सरकार बनाने के लिए सहमत थी। उन्होंने शुक्रवार के लिए बैठक तय की। गोटबाया ने पत्र में कहा कि उनके बड़े भाई व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद सर्वदलीय सरकार बन सकती है। पिछले हफ्ते दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र रामबुकाना में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मारे गए एक प्रदर्शनकारी की मौत में भूमिका के लिए श्रीलंका के चार पुलिसकर्मियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के एक दिन बाद दक्षिण-पश्चिमी शहर केगले में मजिस्ट्रेट वासना नवरत्ने ने पुलिस आधिकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया, जिसने 19 अप्रैल को गोलीबारी का आदेश दिया था। 19 अप्रैल को कोलंबो से लगभग 90 किलोमीटर उत्तर पूर्व में रामबुकाना के निवासियों पर पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में दो बच्चों के 41 वर्षीय पिता की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए थे। ये सभी ईंधन की कीमतों में वृद्धि का विरोध कर रहे थे।

# मजबूत संबंधः जयशंकर पहुंचे बांग्लादेश, पीएम शेख हसीना ने चटगांव बंदरगाह पर लिया बड़ा फैसला

**ढाका।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। शेख हसीना ने पड़ोसियों के आपसी संपर्क के महत्व को रेखांकित किया और अपने देश के मुख्य बंदरगाह

**दिया जोर**

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि दोनों देशों को कनेक्टिविटी को और बढ़ाना होगा। उनके प्रेस सचिव एहसानुल करीम ने पीटीआई को बताया कि पीएम हसीना ने जयशंकर से कहा कि आपसी लाभ के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने की जरूरत है, जबकि इससे बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी चटगांव बंदरगाह का उपयोग करने में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को विशेष रूप से फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यदि संपर्क बढ़ाया जाता है तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम और त्रिपुरा को चट्टोग्राम में बंदरगाह तक पहुंच प्राप्त हो सकती है।




बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि बांग्लादेश और भारत के बीच सीमा पार मार्गों को फिर से शुरू करने के लिए पहल की गई थी, जिन्हें 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान रोक दिया गया था जब बांग्लादेश पाकिस्तान का हिस्सा था। करीम ने कहा कि प्रधानमंत्री हसीना की जयशंकर के साथ आधे घंटे से अधिक लंबी बैठक के दौरान कई द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने बाद में अपने बांग्लादेशी समकक्ष एके अब्दुल मोमेन के साथ सकारात्मक चर्चा की और फिर संयुक्त रूप से मीडिया को जानकारी दी।

**बांग्लादेश और भारत के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा**

उन्होंने ट्वीट किया, हम इस बात पर सहमत हुए कि हमारी करीबी पड़ोसी साझेदारी तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारा साझा प्रयास इसे आगे ले जाना होगा। संयुक्त सलाहकार आयोग के लिए उनकी मेजबानी को लेकर आशान्वित हूं। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने बांग्लादेश और भारत के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बांग्लादेश-भारत सहयोग के बारे में संतोष व्यक्त किया, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया, और समग्र रूप से सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए क्षेत्रीय स्थिरता पर जोर दिया।

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री हसीना के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को उनकी सुविधा के मुताबिक भारत आने का निमंत्रण दिया।

करीम ने कहा, मैंने बताया कि हम उनकी (शेख हसीना) सुविधानुसार भारत की यात्रा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों से संबंधित कई मुद्दों पर बातचीत हुई। बैठक के दौरान करीम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने देशों के बीच मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति पर खुशी जताई।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## सोने की अवैध खदान में भूस्खलन, 12 महिलाओं की मौके पर ही हुई मौत; 2 घायल

**मेडन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर सोने के अवैध खनन अभियान के दौरान भूस्खलन हो गया जिसके चलते करीब 12महिलाएं कई टन मिट्टी के नीचे दब गई, जिनके शवों को बचाव दल ने बाहर निकाला। पुलिस नेयह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस प्रमुख मार्लोन राजगुकगुक ने बताया कि उत्तरी सुमात्रा के मांडैलिंग नेटाल जिले के एक दूरदराज के गांव में एक छोटी और अनधिकृत सोने की खदान में लगभग 14 महिलाएं बृहस्पतिवार को 2 मीटर (6.5 फीट) गहरे गड्ढे में सोने की तलाश कर रही थीं। तभी भूस्खलन ने आसपास की पहाड़ियों को हिला दिया और वे सभी महिलाएं उसकी मिट्टी के नीचे दब गईं।राजगुकगुक ने बताया कि दो घंटे तक चले तलाशी एवं बचाव अभियान में दो घायल महिलाओं को बचाया लिया गया और 12 अन्य महिलाओं के शवों को मलबे से निकाला गया।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के दौरे के दौरान रूस ने कीव समेत अन्य हिस्सों पर बमबारी की, दखल पर पुतिन ने फिर दी परमाणु हमले की धमकी

**मास्को।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरस के दौरे के बीच रूस ने कीव समेत यूक्रेन के एक बड़े हिस्से पर बमबारी की। बचाव कर्मियों ने कहा कि कीव पर हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि दो इमारतें ध्वस्त होने के बाद कुछ लोग मलबे के नीचे दबे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरस के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की संयुक्त प्रेस वार्ता के एक घंटे बाद ही यह हमला किया गया। इस हमले से गुटेरस और उनकी टीम हैरान हो गई। एक प्रवक्ता ने बताया कि गुटेरस और उनका दल सुरक्षित है। इस बीच देशभर से धमाके की खबरें सामने आईं। पोलिन, चेर्निहिव और फास्तिव में भी बमबारी हुई। दक्षिणी यूक्रेन में ओडेसा के महापौर ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने रॉकेट के हमलों को नाकाम कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरस ने इस बात पर जोर दिया कि 21वीं शताब्दी में युद्ध को स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही उन्होंने युद्ध अपराधों के आरोपों की अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) से गंभीर जांच कराने और जिम्मेदारी तय करने की मांग का समर्थन किया।



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने रूस से विश्व निकाय के साथ ''सहयोग को स्वीकार करने की अपील की। गुटेरस यूक्रेन आने से पहले मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। यूक्रेन में उन्होंने कीव के अलग-अलग हिस्सों का दौरा किया जो रूसी आक्रमण से तबाह हो गए हैं। चर्च और सेंट एंड्रयू में जिसे पहले ऑल सेंट इन बुचा कहा जाता था में गुटेरस ने कहा कि जब ''हम इस खौफनाक स्थान को देखते हैं, तो यह मुझे महसूस कराता है कि इसकी गंभीर जांच और जिम्मेदारी तय करना कितना अहम है। मुझे खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने स्थिति को समझा है और अभियोजन कार्यालय पहले से यहां मौजूद है। मैं पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत का समर्थन करता हूं और रूसी संघ से अपील करता हूं कि वह आईसीसी से सहयोग को स्वीकार करे लेकिन जब हम युद्ध अपराध की बात करते हैं तो हमें नहीं भूलना चाहिए कि युद्ध अपने आप में सबसे खराब होता है।'' बोरोदयंका शहर में गुटेरस ने कहा कि जब वह क्षतिग्रस्त हो चुकी इमारतों को देखते हैं तो कल्पना करते हैं कि उनमें से उनके ही परिवार का घर नष्ट हो गया है। उन्होंने कहा, ''मैं देखता हूं कि मेरी पोती भय से भाग रही है और परिवार अंततः मारा गया है। इसलिए 21वीं सदी में युद्ध निरर्थक है। युद्ध बुराई है।